वर्ष 2013 के प्रारंभ से, राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान अकादमी के वर्ष वृत्तांत मुख्य - संपादक डॉ. संजीव मिश्रा और सहयोगी संपादक के रूप में डॉ. कुलदीप सिंह के संपादकीय टीम के मार्गदर्शन के तहत एम्स, जोधपुर में नैम्स चिकित्सा शिक्षा अनुसंधान केंद्र से नैम्स, नई दिल्ली में संपादकीय टीम और प्रकाशन कर्मचारियों की सहायता से प्रकाशित किए जा रहे हैं। यह व्यवस्था वर्ष 2018 के लिए राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान अकादमी के वर्ष वृत्तांत के अंतिम अंक, अर्थात् खंड 54, अंक संख्या 4 के मुद्रण तक जारी रही।

पबमैड सेंट्रल और अन्य विश्व अनुक्रमण एजेंसियों में वर्ष – वृत्तांतों के व्यापक प्रसार और समावेश को बढ़ावा देने के लिए, राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान अकादमी की प्रकाशन समिति ने पत्रिका के प्रकाशन को एक सक्षम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ज्ञात प्रकाशन गृह को आउटसोर्स करने का निर्णय लिया। कई प्रकाशन एजेंसियों जैसे स्प्रिंगर, एल्सेवियर, मेडकॉन, थिएम, आदि के साथ विचार-विमर्श और बैठकों के बाद प्रकाशन समिति के सदस्यों ने मैसर्स थिएम पब्लिशिंग एजेंसी को लिए जाने की सिफारिश की जो कि राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान अकादमी द्वारा निर्धारित नियमों और शर्तों पर वर्ष – वृत्तांतों के मुद्रण की जिम्मेदारी लेने के लिए सहमत हो गई है। मैसर्स थिएम ने प्रतिष्ठित ऑनलाइन अनुक्रमण एजेंसियों जैसे मेडलाइन / इंडेक्स मेडिकस, पीएमसी, ईमबीईएएसई / एक्सरप्टा मेडिका, एससीओपीयूएस, साइंस साइटेशन इंडेक्स, एक्सपेंडेबल वेब ऑफ साइंस, साइंसडायरेक्ट, इत्यादि के साथ अनुक्रमणिका को सुगम बनाने पर सहमति व्यक्त की। अंततोगत्वा इस निर्णय का सिद्धांत रूप में राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान अकादमी परिषद द्वारा समर्थन किया गया।

राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान अकादमी (भारत) और मैसर्स थिएम पब्लिशिंग एजेंसी के मध्य आरंभ में पांच वर्ष की अवधि के लिए एक औपचारिक समझौते में प्रवेश करने का निर्णय लिया गया जिसमें वर्ष 2019 के प्रथम अंक, अर्थात् खंड 55, अंक संख्या 1 से लेकर वर्ष 2023 के अंतिम अंक अर्थात् खंड 59, अंक संख्या 4 तक के प्रकाशन के साथ वर्ष – वृत्तांतों को मुद्रित एवं प्रचारित किया जाएगा।

चूंकि प्रकाशन मैसर्स थिएम द्वारा किया जा रहा है इसलिए पत्रिका के मुख पृष्ठ एवं अन्य सामग्री को प्रचलित अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार परिवर्तित / संशोधित किया जाएगा।

मृत्युलेख

अकादमी के निम्नलिखित प्रतिष्ठित अध्येताओं की मृत्यु भारी मन सूचिक की जाती है और हार्दिक शोक से तत्काल परिवार के सदस्यों को अवगत कराया गया है:

अध्येताः

1. डॉ. जे. एस. बजाज, एफएएमएस
2. डॉ. नबेन्दु चौधरी, एफएएमएस
3. डॉ. एल. एच. हीरानन्दानी, एफएएमएस
4. डॉ. प्रेम कुमाक काकेर, एफएएमएस
5. डॉ. बी. आर. काटे, एफएएमएस
6. डॉ. चंद्र प्रकाश, एफएएमएस
7. डॉ. संकरा बालापरमेस्वरा राव
8. डॉ. राज कमल साचर, एफएएमएस
9. डॉ. विजय प्रकाश शर्मा, एफएएमएस
10. डॉ. लालजी सिंह, एफएएमएस

पुडुचेरी में दिनांक 27 अक्टूबर, 2018 को आयोजित 58वें वार्षिक दीक्षांत समारोह में डॉ. मुकुंद एस. जोशी, अध्यक्ष, एनएएमएस द्वारा दिए गए अभिभाषण का पाठ

माननीय मुख्य अतिथि डॉ. रवि पी. सिंह, महासचिव, भारतीय गुणवत्ता परिषद्, आदरणीय डॉ. एम के राजगोपालन, हमारे माननीय अतिथि, संस्थापक और कुलपति, श्री बालाजी विद्यापीठ (मानित विश्वविद्यालय), मंच पर और मंच से दूर अन्य गणमान्य व्यक्ति, राष्ट्रीय अकादमी से मेरे मित्रों और सहयोगियों, आमंत्रित अतिथियों, प्रतिनिधियों और निश्चित रूप से, सदैव उत्साही छात्रों।

पुडुचेरी में 58वें नैम्सकॉन एवं वार्षिक दीक्षांत समारोह 2018 के अवसर पर इन सुशिक्षित श्रोताओं को संबोधित करना मेरा गौरवपूर्ण सौभाग्य है। मैं उदासी अनुभव करता हूं क्योंकि नैम्स के अध्यक्ष के रूप में मेरे तीन वर्ष के कार्यकाल के दौरान यह मेरा अंतिम अभिभाषण होगा। इस प्रतिष्ठित संगठन के साथ जुड़ना एक बहुत खुशी और सम्मान की बात है। मुझे आशा है कि मैं अपने अध्यक्ष पद के वर्षों के दौरान उम्मीदों पर खरा उतरा हूं। मैं अध्यक्ष के रूप में अपने प्रयासों में मेरे साथ रहने के लिए अकादमी और इस संगठन से जुड़े सभी लोगों का धन्यवाद करता हूं।

इस अवसर पर, मैं इस सम्मेलन के आयोजकों को धन्यवाद देते हुए बहुत प्रसन्न हूँ। मैं विशेष रूप से महात्मा गांधी मेडिकल कॉलेज और अनुसंधान केंद्र और डॉ. मोहन कामेश्वरन, आयोजन अध्यक्ष और आयोजन सचिव डॉ. पी. कार्तिकेयन का उल्लेख करना चाहूँगा। पुडुचेरी में इस बैठक में भाग लेने वाले सभी व्यक्तियों की ओर से मैं आपके उत्कृष्ट आतिथ्य के लिए धन्यवाद देता हूं और हम सभी को इतना सहज बनाने के लिए आपकी सराहना करता हूं। फिर से धन्यवाद!

अकादमी को हमारी कई उपलब्धियों पर गर्व है और मैं अध्यक्ष के रूप में इन उपलब्धियों का एक अभिन्न अंग होने के लिए भाग्यशाली रहा हूं। बस कुछ का उल्लेख करते हुए, एक नई वेबसाइट की शुरूआत। मुझे यह कहते हुए गर्व हो रहा है कि वेबसाइट को अकादमी में ही डिजाइन किया गया था और यह लेखों, संसाधन सामग्री आदि के रूप में चिकित्सा पेशे में कई लोगों की सहायता करेगा। हमारे अत्याधुनिक कमला रहेजा सभागार में पूर्ण विकसित गतिविधियाँ हमारी एक अन्य शानदार उपलब्धि है। मैं अपने सदस्यों से हमारे सभागार में उत्कृष्ट सुविधाओं के बारे में प्रचार करने की अपील करता हूं। यद्यपि इस सभागार में हमारी

शैक्षणिक गतिविधियाँ पहले से ही हैं लेकिन चिकित्सा गतिविधियों के आयोजन में शामिल सभी लोगों के लिए मेरा हार्दिक धन्यवाद। लेकिन इतना पर्याप्त नहीं है। हमें नियमित रूप से अधिक शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता है और इस सभागार को चिकित्सकीय रूप से व्यस्त रखना चाहिए। इन सबसे ऊपर, मुझे आप सभी को यह सूचित करते हुए प्रसन्नता है कि हम एक स्वायत्त निकाय बने रहेंगे। यदि मैं इस लक्ष्य को प्राप्त करने के अथक प्रयासों के लिए अपने ऊर्जस्वी सचिव डॉ दीप श्रीवास्तव को धन्यवाद नहीं देता तो मैं अपने कर्तव्य में असफल हो जाऊंगा। धन्यवाद, दीप!

इस सम्मेलन का विषय "वर्तमान भारत में गैर-संचारी रोगों का उदय" है। यह देश में चिकित्सा स्वास्थ्य की वर्तमान स्थिति के संदर्भ में मेरे लिए विशेष रूप से एक उपयुक्त विषय है। अकादमी ने जैव चिकित्सा विज्ञान, शिक्षा और अनुसंधान से जुड़े प्रमुख वैज्ञानिकों को एक साथ लाने के लिए सभी प्रयास किए हैं। हमने चिकित्सा में शिक्षण के हमारे लक्ष्य को जारी रखने के अपने प्रयासों में सभी चरणों में इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी प्रयास करना जारी रखा है। मुझे विश्वास है कि भारत में चिकित्सा स्वास्थ्य की स्थिति को सुधारने में हमारे प्रयासों से बहुत सहायता मिलेगी। मुझे हमारे देश के दूरस्थ भागों में चिकित्सा सहायता और शिक्षा के प्रसार को देखना अच्छा लगेगा। दूसरी बात, मेरा मानना है कि अकादमी को वर्तमान में भारत में चिकित्सा शिक्षा के गिरते स्तर को रोकने और सुधारने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए।

अकादमी लगभग मेरा दूसरा घर बन गई है। मुझे अपने सभी सहयोगियों और सदस्यों को अकादमी के स्टाफ को मेरे कठिन समय के दौरान मेरे साथ खड़े रहने के लिए और मुझे कई आवश्यक और महत्वपूर्ण निर्णय लेने में सहायता करने के लिए धन्यवाद देना चाहिए।

डॉ. लता देशमुख को जानना और उनके साथ यात्रा करना सदैव एक शैक्षिक और एक शानदार अनुभव रहा है। कई दशकों से एक मित्र के रूप में, वह न केवल अकादमी में बल्कि जीवन के अन्य क्षेत्रों में भी मेरा मार्गदर्शन कर रही है। उनके शैक्षणिक अनुभव और उनकी समझदारी ने अकादमी के लिए विशेष रूप से अध्यक्ष के रूप में मेरे कार्यकाल में बहुत सहायता की है। लता, धन्यवाद! मुझे विश्वास है कि हमारी यात्रा अगले कई वर्षों के दौरान स्थायी रूप से चलती रहेगी।

मुझे डॉ. प्रेमा रामचंद्रन के साथ जुड़ने का सौभाग्य मिला है। इस मृदुभाषी और गरिमामय महिला को अकादमी में शायद आज तक का सबसे लंबा अनुभव है। मैंने उन्हें समय-समय पर परेशान किया है और उन्होंने कभी मना नहीं किया। मुझे विश्वास है कि अकादमी में उनकी उपस्थिति और उनकी निस्वार्थ रचनात्मक सलाह से अकादमी लाभान्वित होती रहेगी।

दीप, मैं तुम्हारी पत्नी से कुछ दिन पहले बात कर रहा था। मुझे आश्चर्य नहीं हुआ जब उसने कहा कि वह आपको तलाक देने वाली है क्योंकि वह दृढ़ता से मानती है कि अब आपकी शादी नैम्स से हो गई और उससे अब नहीं हुई है, इस बात पर विचार करते हुए कि आप घर पर कितना कम समय बिताते हैं और अकादमी में कितना अधिक! दीप, आप इतनी दक्षता के साथ अकादमी चलाने में एक महान मित्र और सलाहकार रहे हैं। वह बहुत परिश्रमी और एक कुशल सचिव हैं, जिन्होंने इतनी रुचि के साथ अकादमी की देखभाल की है। विकिरण विज्ञानी होने के नाते, मुझे पता है कि एक हस्तक्षेप लैब में कितना समय बिताने की आवश्यक्ता होती है और मुझे आश्चर्य है कि इस व्यक्ति को बिना थके कैसे अपनी ज़िम्मेदारियों को निभाने के लिए दुनिया भर में सब समय मिल जाता है !, दोनों एम्स के हस्तक्षेप लैब में और नैम्स के प्रशासन में! । सप्ताह में कई मौकों पर उनसे बात करने से मुझे बहुत आत्मविश्वास मिला है और सबसे बढ़कर यह कि मैं खुश हूं और आश्वस्त हूं कि अकादमी सुरक्षित हाथों में है।

डॉ. पी के दवे को मेरा शाश्वत धन्यवाद, जो पोंडी में अपना जीवन काल उपलब्धि पुरस्कार प्राप्त करने वाले थे। महोदय, मैंने अकादमी के प्रति आपकी प्रतिबद्धता और परिषद के कई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में आपके योगदान को देखा है। कृपया हर समय परिषद और अकादमी का हिस्सा बने रहें। व्यक्तिगत रूप से, मैंने अपने कार्यकाल के दौरान डॉ. दवे के साथ अपने संबंध का आनंद लिया है। मैंने सर्वाधिक आवश्यकता के समय आपकी सलाह के कोमल शब्दों की प्रशंसा की है।

अकादमी श्री जवाहरलाल नेहरू, डॉ. एस राधाकृष्णन और अन्य कई गणमान्य लोगों के हार्दिक आशीर्वाद से बनाई गई है। जहां तक अकादमी का संबंध है, डॉ. जे एस बजाज उसके शक्तिशाली स्तंभ रहे हैं और उनके बीमार होने के बावजूद भी यह बना हुआ है। आइए हम उन्हें बहुत शुभकामनाएं दें और प्रार्थना करें कि वह शीघ्र ही हमारे साथ हों।

मैं इस अवसर पर डॉ. सरोज चूड़ामणि को हमारी अकादमी के अगले अध्यक्ष चुने जाने के लिए बधाई देता हूं। वह एक शानदार शिक्षाविद् रही हैं और देश की पहली महिला बाल शल्य चिकित्सक हैं (क्या यह डॉ. देशमुख या डॉ. सरोज हैं?)। उन्हें 2013 में पद्मश्री प्राप्त हुआ है और बी. सी. रॉय पुरस्कार से भी सम्मानित हैं। वह किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी की पूर्व कुलपति रह चुकी हैं और उनका महान शैक्षणिक योगदान रहा है। मैं उनकी सफलता की कामना करता हूं।

मुझे बहुत खुशी है कि हम चिकित्सा शिक्षा के अपने उद्देश्य को दृढ़ता से जारी रख रहे हैं। कमला रहेजा सभागार हमारी शैक्षणिक गतिविधियों को पूरा करने में एक बड़ा आशीर्वाद है। डॉ.

के. के. शर्मा के विशाल अनुभव ने अकादमी की उत्कृष्ट निगरानी को और बढ़ा दिया है, जो कि बहुत महत्वपूर्ण है, विशेषकर हमारी शैक्षणिक गतिविधियाँ जिनमें हमारे वर्ष वृत्तांत भी शामिल है। मुझे विश्वास है कि हम उनके मार्गदर्शन में आगे भी प्रगति करते रहेंगे। हमारी पत्रिका - वर्ष वृत्तांत शीघ्र ही अनुक्रमित किए जाएंगे। मैं सभी सदस्यों (विशेष रूप से युवा उत्साही) से अनुरोध करता हूं कि वे पत्रिका में लेखों का योगदान दें और हमारी शैक्षणिक शक्ति को समृद्ध करें। मैं हमारे संपादक, डॉ. संजीव मिश्रा और डॉ. कुलदीप सिंह के नेतृत्व में उनकी टीम द्वारा किए गए प्रयासों की हार्दिक सराहना करता हूं।

मैं नैम्स परिषद् के उन सदस्यों की बहुत सराहना करता हूं और उनका आभारी हूं, जिन्होंने समय-समय पर अपने बहुमूल्य सुझावों के साथ निःस्वार्थ भाव से अकादमी का समर्थन किया है। मैं सभी परिषद सदस्यों से नैम्स के निर्णय में अपना सक्रिय समर्थन जारी रखने का अनुरोध करता हूं। यह बहुत महत्वपूर्ण होगा।

अंत में मैं यही कहना चाहूँगा कि कोई भी संगठन तब तक कार्य नहीं कर सकता है जब तक कि उसके पास समर्पित कर्मचारी न हों। कोई भी क्रिकेट टीम कप्तान के अलावा अन्य अच्छे 10 खिलाड़ियों के बिना पूरी नहीं हो सकती। मैं भाग्यशाली हूं कि अकादमी में हमारे पास कर्मचारियों का कड़ा परिश्रम करने वाले सदस्यों का एक समूह है, (कोई व्यक्तिगत नाम नहीं है लेकिन मेरे मजबूत टीम के साथी) जिन्होंने अकादमी को जारी रखा है। मेरे मित्रों, इतनी कुशलता से अकादमी के कार्यकलाप चलाने में आपके योगदान के लिए कोई धन्यवाद पर्याप्त नहीं है।

अगर मैंने थोड़ी अधिक देर तक बात की है, तो यह केवल इसलिए है क्योंकि मैं ईमानदारी से आप सभी के लिए अपनी भावनाओं को व्यक्त करना चाहता था, जो मुझे राष्ट्रीय चिकित्सा विज्ञान अकादमी के अध्यक्ष होने का यह बड़ा सम्मान मिला। आज जब मैं अपना कार्यकाल समाप्त कर रहा हूं, मैं जैसे भी परिषद उचित समझे वैसे अकादमी के साथ जुड़ना पसंद करूंगा।

सरोज आपके लिए शुभेच्छाएं।

और अंत में, जो सब मैंने यहां रहकर प्राप्त किया है उसके लिए मैं अकादमी का कृतज्ञ हूँ।

भगवान आप सभी को आशीर्वाद दें और आप में से हर एक को मेरा सादर नमन।

आपका सदैव बहुत धन्यवाद!

अनुबंध- II

पुडुचेरी में दिनांक 27 अक्टूबर, 2018 को आयोजित 58वें वार्षिक दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. रवि पी. सिंह, महासचिव, भारतीय गुणवत्ता परिषद्, दिल्ली द्वारा दिए गए अभिभाषण का पाठ

मुझे इस दीक्षांत समारोह के लिए आमंत्रित करने के लिए धन्यवाद। मैं पहली बार पुडुचेरी में इस नैम्स दीक्षांत समारोह के आयोजन के लिए और चिकित्सा देखभाल में इतने सारे कार्यक्रमों और विशिष्टताओं के साथ इस अद्भुत विश्वविद्यालय को देखने का अवसर प्रदान करने के लिए अध्यक्ष डॉ. जोशी और नव निर्वाचित अध्यक्ष को बधाई देता हूं।

शिक्षाविदों से पेशे को कैसे जोड़ा जाए, हमारे यहाँ आने से पहले इस पर संकायाध्यक्ष के कक्ष में हुई चर्चाओं के बारे में मैं विचार कर रहा था। मैं बनारस हिंदू विश्वविद्यालय का छात्र था, यहाँ तक कि हमारे निर्वाचित अध्यक्ष भी उसी विश्वविद्यालय से है और हम एक ऐसे विश्वविद्यालय से आते हैं जिसे पंडित मदन मोहन मालवीय जी ने शुरू किया था। हमने देखा है कि एक छोटे से बीज की तरह एक विचार किस तरह से अंकुरित हो सकता है जिसे विश्व में अब आदर और सम्मान के साथ पहचाना जाता है।

हम सभी को यह सुनिश्चित करना चाहिए जैसा कि डॉ. जोशी ने कहा कि शोधकर्ताओं और पीएचडी छात्रों को लिखने की आदत को विकसित करना चाहिए और हम सभी जो यहां सम्मानित हुए हैं, उन्हें भारत में अनुसंधान में योगदान देने और भावी पीढ़ी का मार्गदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए। हालाँकि भारत में बहुत से लोग अभी भी अनुसंधान करना चाहते हैं, परंतु भारत में अनुसंधान का पारिस्थितिकी तंत्र बहुत मजबूत नहीं है। अनुसंधान करने वाले चिकित्सा पेशेवरों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए क्योंकि उष्णकटिबंधीय वातावरण में भारतीय चिकित्सा देखभाल की आवश्यकताएँ कई मामलों में दुनिया के बाकी हिस्सों की तुलना में बहुत अलग हैं। भारतीय गुणवत्ता परिषद् के महासचिव के रूप में, स्वास्थ्य सेवाओं के वितरण में सुधार करने और बिना किसी भेदभाव केबिना किसी भेदभाव के सभी को सस्ती कीमत पर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए मैं इस संवर्धित घर की क्षमता के साथ-साथ नैम्स संगठन का भी लाभ उठाना चाहूंगा।

हाल ही में, हमें एक छोटे से देखभाल संगठन में सत्यापन का काम सौंपा गया था, जिसे सरकारी योजनाओं के तहत रखा गया था। ग्राहक चाहते थे कि हम उस स्थान का लेखापरीक्षण करें और यह सत्यापित करें कि अस्पताल द्वारा देखभाल की लागत वैध थी या अधिक कीमत

ली जा रही थी। तीन डॉक्टरों के एक पैनल को लेखापरीक्षण के लिए भेजा गया, जिसने मुझे अनुभव हुआ कि कुछ स्तर पर शिक्षाविदों को हेल्थकेयर इंडस्ट्री की जमीनी हकीकत को समझने और लागत निर्धारण की कला सीखनी होगी। इसके बाद ही हम उन बीमारियों का हल खोजने की सोच सकते हैं जो हम इस क्षेत्र में देखते हैं।

सार्वजनिक क्षेत्र में स्वास्थ्य देखभाल संगठनों के केवल 70% ने गुणवत्ता का आश्वासन दिया है और मान्यता की कठोर प्रक्रिया से गुजरे हैं। यह मुख्य रूप से देखभाल के लिए समर्थन के मामले में जनशक्ति के मानदंडों का पालन करने में सक्षम नहीं होने के कारण हुआ है। जब हम सीमाओं के पार नर्सिंग पेशेवरों के लिए बाजार पहुंच के लिए जी से जी वार्ता के लिए कई नर्सिंग कॉलेजों के आसपास गए, तो हम केवल एक योग्य नर्सिंग संस्थान प्राप्त कर सके जो गुणवत्ता के योग्य था। हम मानव संसाधन बनाने में असमर्थ हैं और अभी भी प्रति 1 लाख की आबादी के लिए 627 चिकित्सकों के अभाव के स्तर पर हैं। लेकिन अभी तक पिछले 20 वर्षों में, किसी भी अन्य देश ने स्वास्थ्य सेवा के कई सूचकांकों को इतनी दृढ़ता से नहीं बदला है जैसा कि भारत ने किया है! इससे पता चलता है कि हम स्पष्ट रूप से कुछ सही कर रहे हैं और भविष्य में इसे संरक्षित और संवर्धित करने की आवश्यकता है। हमें हमेशा सर्वश्रेष्ठ का सम्मान करना चाहिए, लेकिन साथ ही साथ हमें चिकित्सा शिक्षा के सामर्थ्य की भी जांच करनी चाहिए। भारत के लिए निजी सेटअप आवश्यक है, और मुझे खुशी है कि उज्ज्वल और प्रतिबद्ध के लिए चिकित्सा शिक्षा को सस्ती बनाने के कुछ प्रयास किए जा रहे हैं।

मुझे हमारे साथ कुछ कार्य करने के लिए इस संगठन की आवश्यकता है। हम दो बहुत ही महत्वपूर्ण सरकारी योजनाओं में व्यस्त हो गए हैं "आयुष्मान भारत" और दूसरा यह है कि आईआरडीए ने हमें अगले एक वर्ष के भीतर 20,000 से अधिक छोटे स्वास्थ्य देखभाल संगठनों को प्रमाणित करने के लिए कहा है। यह तब तक नहीं किया जा सकता है जब तक कि मेरे पास अच्छे, नैतिक और सच्चे लोग नहीं हैं जो छोटे स्वास्थ्य देखभाल संगठन में जाते हैं और प्रमाणन मानकों के अनुपालन पर रिपोर्ट करते हैं। मैं अच्छे इंस्पेक्टर नहीं चाहता, लेकिन अच्छा गुरु चाहता हूं जो एक अच्छे अस्पताल और अस्पतालों की पहचान कर सकें जिन्हें समय के साथ बेहतर बनाया जा सके। "आयुष्मान भारत" में, यदि आपका अस्पताल प्री-एंट्री लेवल के लिए प्रमाणित है, तो यह सरकार द्वारा निर्धारित पैकेज दरों से 10% अधिक प्राप्त करने के लिए योग्य है। पूर्ण मान्यता पर यह विभिन्न प्रक्रियाओं के लिए सरकार द्वारा तय पैकेज दर से 15% अधिक प्राप्त कर सकता है। एनएबीएच मान्यता के लिए अस्पतालों को प्रेरित करने के लिए यह पर्याप्त प्रोत्साहन है।

अन्य सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि सीएमई का संचालन करके गुणवत्ता को बढ़ावा देने के लिए क्षमता का निर्माण करना है और हम एनएबीएच में जागरूकता कार्यक्रमों और पीओआई आयोजित करने के लिए समान विचारधारा वाले संगठनों के साथ जुड़ने का लगातार प्रयास करते हैं। हमने जो भी अनुभव या ज्ञान प्राप्त किया है, उसे इस तरह की राष्ट्रीय पहलों के माध्यम से अगली पीढ़ी को हस्तांतरित किया जाना चाहिए।

मैं आभारी रहूंगा, यदि पैनल भारत में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार पर एक योजना लेकर आता है, और डॉ. सरोज चूड़ामणि गोपाल इसके बारे में हमारे साथ आगे चर्चा करने और इसे आगे ले जाने में सक्षम होंगे। अगले एक या दो वर्षों में हम दिखा सकते हैं कि हमने यहां क्या किया, इस संगठन के इतिहास में हमारा योगदान और हमारा सहयोग देश में स्वास्थ्य सेवा में सुधार के लिए एक चमकदार उदाहरण होगा।

आप सब का बहुत बहुत धन्यवाद और भगवान आपका भला करें !!!

NATIONAL ACADEMY OF MEDICAL SCIENCES (INDIA)

शैक्षिक रिपोर्ट

NATIONAL ACADEMY OF MEDICAL SCIENCES (INDIA)

सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम

01#अप्रैल, 2018 से#31#मार्च, 2019#के दौरान सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमई)#कार्यकलापों की रिपोर्ट

सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम समिति के निम्नलिखित सदस्य हैं:

1.	डॉ. देवेन्द्र के. तनेजा	-#	सभापति
2.	डॉ. सरोज चूड़ामणि गोपाल	-#	अध्यक्ष
3.	डॉ. प्रेमा रामाचंद्रन	-#	सदस्य
4.	डॉ. मीरा रजानी	-#	सदस्य
5.	डॉ. अशोक कुमार शर्मा	-#	सदस्य
6.	डॉ. एम. वी. पदमा श्रीवास्तव	-#	सदस्य
7.	डॉ. के. के. शर्मा	-#	सलाहकार, शैक्षणिक कार्यकलाप
8.	डॉ. राजेश्वर दयाल	-#	सदस्य
9.	डॉ. डी. के. गुप्ता	-#	सदस्य
10.	डॉ. दीप नारायण श्रीवास्तव, एफएएमएस	-#	मानद सचिव

शैक्षणिक समिति के निम्नलिखित सदस्य हैं:

1.	डॉ. प्रेमा रामाचंद्रन	-#	सभापति
2.	डॉ. सरोज चूड़ामणि गोपाल	-#	अध्यक्ष
3.	डॉ. एस. एस. देशमुख	-#	सदस्य
4.	डॉ. कमल बक्शी	-#	सदस्य
5.	डॉ. योगेश चावला	-#	सदस्य
6.	डॉ. मोहन कामेश्वरन	-#	सदस्य
7.	डॉ. वी. के. शुक्ला	-#	सदस्य
8.	डॉ. पी. के. दवे	-#	सदस्य
9.	डॉ. के. के. शर्मा	-#	सलाहकार, शैक्षणिक कार्यकलाप
10.	डॉ. दीप नारायण श्रीवास्तव	-#	मानद सचिव

वर्ष 2018-2019#के दौरान, सीएमई कार्यक्रम समिति की एक बैठक 14 अप्रैल, 2019 को आयोजित की गई थी।

समिति समय-समय पर, चर्चा के विषय और प्राप्त सीएमई प्रस्तावों के अनुसार विशेषज्ञ सलाह की आवश्यकता के आधार पर बैठक में भाग लेने के लिए अध्येताओं को सहयोजित करती है।

बाह्यसांस्थानिक#सीएमई#कार्यक्रमः#ये सीएमई#कार्यक्रम अकादमी की सतत#चिकित्सा#शिक्षा# कार्यक्रम# समिति# के तत्वाधान में चलाए जा रहे हैं। एनएएमएस# द्वारा# निधिपोषित# बाह्यसांस्थानिक# सीएमई# कार्यक्रमों# की# गुणवत्ता# और# विषयवस्तु# में# सुधार# करने# के# लिए# निधिपोषण#हेतु#प्राप्त#प्रस्तावों#की#सबसे पहले एक विषय#विशेषज्ञ/#जो#एनएएमएस#के#अध्येता#भी#हैं/# द्वारा#तकनीकी#रूप#से#समीक्षा#की#जाती#है।#इस#पद्धति#का#जुलाई/#2004#से#ही#अनुपालन#किया#जा# रहा#है#और#इस#प्रकार#नामोदिष्ट#समीक्षकों#ने#प्रस्तावों#का#मूल्यांकन#किया#है#और#कार्यक्रम#की# विषयवस्तु#में#अगर#कोई खामियाँ हैं तो उनकी#पहचान#की#है।#समीक्षकों#ने#कार्यक्रम#में#समामेलित# किए#जाने#वाले#संशोधनों/आशोधनों#का#भी#सुझाव#दिया#है।#ये#सुझाव#सूचित#किए#जाते#हैं#और#ऐसे# लगभग#सभी#सुझाव#आयोजकों#द्वारा#स्वीकार#किए#गए#हैं और उसके बाद ही सीएमई#प्रस्तावों#को निधिपोषित किया जाता है। अकादमी#के#अध्येताओं#को#बाह्यसांस्थानिक#सीएमई#कार्यक्रमों#में# भाग#लेने#और#उनका#मूल्यांकन#करने#के#लिए#पर्यवेक्षकों#के#रूप#में#नामोदिष्ट#किया#जाता#है।# अकादमी#सीएमई#कार्यक्रमों#में भाग लेने, समीक्षा#करने#और रिपोर्ट देने के#लिए#पर्यवेक्षकों#के#रूप# में#नामित#अध्येताओं#को#यात्रा#भत्ता/दैनिक#भत्ता#और#मानदेय#प्रदान#कर#रही#है।##

देश#में#विभिन्न#चिकित्सा#संस्थानों/व्यावसायिक#निकायों#से#प्राप्त#सीएमई#प्रस्तावों#में#से#अकादमी#ने# वित्तीय#वर्ष#01 अप्रैल/#2018 से#31#मार्च/#2019 के#दौरान#4 बाह्यसांस्थानिक#सीएमई#कार्यक्रमों#के# आयोजन#के#लिए#आंशिक वित्तीय#सहायता#स्वीकृत#की#है।#01#अप्रैल, 2018 से#31#मार्च/#2019#के# दौरान#निधिपोषित#बाह्यसांस्थानिक#सीएमई#कार्यक्रमों#का#ब्यौरा#अनुबंध#0#IV#के#रूप#में#प्रस्तुत#है।

01#अप्रैल, 2018#से 31#मार्च, 2019#के दौरान बाह्यसांस्थानिक सीएमई कार्यक्रमों पर स्वीकृत कुल व्यय रुपए 4,48,000 #(केवल चार लाख अड़तालीस हजार रुपए)#है।

अंतःसांस्थानिक सीएमई कार्यक्रमः#ये संगोष्ठियाँ/ सीएमई कार्यक्रम अकादमी की सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम समिति के तत्वाधान में चलाए जा रहे हैं। सीएमई कार्यक्रम समिति समय-समय पर अंतःसांस्थानिक सीएमई कार्यक्रम के रूप में निधिपोषण के लिए राष्ट्रीय और शैक्षणिक संगतता के विषयों की पहचान करती है। बाह्यसांस्थानिक#सीएमई#कार्यक्रमों#के समान ही

अकादमी उन अध्येताओं को, जो पर्यवेक्षकों के रूप में सीएमई कार्यक्रमों में भाग लेते हैं और रिपोर्ट दाखिल करते हैं, यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता और मानदेय प्रदान करती है।

अकादमी ने वर्ष 2018-2019# के दौरान 2# अंतःसांस्थानिक सीएमई कार्यक्रम/ संगोष्ठी का निधिपोषण किया है।

अंतःसांस्थानिक सीएमई कार्यक्रमों का विवरण निम्नलिखित हैः-

1. 26 अक्टूबर, 2018 को महात्मा गांधी मेडिकल कॉलेज एवं अनुसंधान संस्थान, पुडुचेरी में आयोजित "**वर्तमान में भारत में गैर - संक्रमणीय रोगों का उदय**" पर सीएमई कार्यक्रम।

2. 27 नवंबर, 2018 को कमला रहेजा सभागार एवं प्रोफेसर जे. एस. बजाज बहुव्यावसायिक शिक्षा केंद्र, नई दिल्ली में आयोजित **"एसडीजी पोषण लक्ष्यों के साथ भारत की कोशिश"** पर नैम्स - एनएफआई राष्ट्रीय संगोष्ठी

अंत-सांस्थानिक सीएमई कार्यक्रम आयोजित करने में कुल व्यय 2,20,000# रुपए (केवल नौ लाख अस्सी हजार रुपए) था। ब्यौरे अनुबंध-V में दिए गए हैं।

चित्र 1 वर्ष 2017-18# और 2018-19# के दौरान बाह्यसांस्थानिक और अंतःसांस्थानिक कार्यक्रमों पर किए गए व्यय का चित्रांकन करता है।

वर्ष 2017-18# और 2018-19# के दौरान सीएमई कार्यक्रमों (बाह्यसांस्थानिक और अंतःसांस्थानिक दोनों) पर किए गए कुल व्यय का नीचे सचित्र प्रदर्शन किया गया है।

वर्ष 2017-18#और 2018-19#में सीएमई कार्यक्रमों पर कुल व्यय

हजार रूपयों में



################

चित्र 1.वर्ष 2017-18#और 2018-19#में बाह्यसांस्थानिक और अंतःसांस्थानिक सीएमई कार्यक्रमों में किए गए व्यय का तुलनात्मक प्रदर्शन।

राज्य-चैप्टर-वार बाह्यसांस्थानिक और अंतःसांस्थानिक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रमों का विवरण चित्र 2#में दिया गया है।



चित्र 2.#राज्य चैप्टर-वार वर्ष 2018-19#में बाह्यसांस्थानिक और अंतःसांस्थानिक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रमों का प्रदर्शन

वर्ष 2018-19#के लिए बाह्यसांस्थानिक और अंतःसांस्थानिक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रमों का विशेषज्ञता-वार विवरण चित्र 3#में दर्शाया गया है।



चित्र-3. वर्ष 2018-19 के लिए निक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रमों का विशेषज्ञता-वार वि

पिछले 3#वर्षों, अर्थात् 2016-17#से 2018-19 में स्वीकृत बाह्यसांस्थानिक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रमों का राज्य-वार वितरण

बाह्यसांस्थानिक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रमों का वर्ष 2016 - 2019#में प्रति वर्ष राज्य-वार वितरण नीचे सारणी में दिया गया है

राज्य	2016-17	2017-18	2018-19	वर्ष 2018-19 के दौरान किया गया व्यय (रुपए,#
पश्चिम बंगाल	-	2	1	1,70,000
असम	-	-	-	-
मणिपुर	-	1	-	-
आंध्र प्रदेश#	-	-	-	-
बिहार	1	-	1	1,28,000
चंडीगढ़	3	1	-	-
छत्तीसगढ़	1	-	-	-
दिल्ली	1	1	-	** 1,20,000 अनुदान लेने से मना कर दिया
गुजरात	-	-	-	-
हरियाणा	1	1	-	1,26,000
हिमाचल प्रदेश#	-	-	-	-
जम्मू और कश्मीर#	-	-	-	-
झारखंड	-	-	-	-
कर्नाटक	1	-	1*	85,000 2019-2020 तक स्थगित
महाराष्ट्र	1	2	-	0#
पुडुचेरी	-	3	-	-
राजस्थान	2	-	1	1,50,000

राज्य	2016-17	2017-18	2018-19	वर्ष 2018-19 के दौरान किया गया व्यय (रुपए,#
तमिलनाडु	-	-	-	-
उत्तर प्रदेश#	-	1	1**	0#
जोड़	**11**	**12**	**4**	**4,48,000**

* सीएमई कार्यक्रम आरंभ में 21 से 22 मार्च, 2019 को आयोजित किया जाना था, लेकिन कर्नाटक राज्य में संसदीय चुनाव के लिए आचार संहिता के कार्यान्वयन के कारण इसे 18 - 19 जून, 2019 तक स्थगित करने का अनुरोध किया गया था।

** सीएमई आवेदन डॉ. आर. के. गोयल, एफएएमएस, दिल्ली भेषज गुण विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान, दिल्ली के कुलपति से प्राप्त किया गया था, परंतु भारतीय फार्माकोपिया आयोग, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश में आयोजित किया गया।

राज्य चैप्टर के अधीन सीएमई कार्यक्रमों के अंतर्गत समर्थित गोष्ठियों, संगोष्ठियों, अल्पकालिक पाठ्यक्रमों, और कार्यशालाओं का विवरण नीचे अनुबंध-III में दिया गया है।

अनुबंध-III

एनएएमएस अध्यायों के बाह्यसांस्थानिक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम

अकादमी की वैज्ञानिक गतिविधियों में उसके राज्य चैप्टरों की शैक्षणिक गतिविधियां शामिल होती हैं। वित्तीय वर्ष 2018-19#के लिए सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रमों के अधीन उनकी गतिविधियों की रिपोर्ट नीचे दी गई हैः

उत्तर प्रदेश

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान उत्तर प्रदेश और उत्तरांचल चैप्टर ने एनएएमएस की वित्तीय सहायता से एक बाह्यसांस्थानिक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम (गाजियाबाद में) आयोजित किया है।

बिहार

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान बिहार चैप्टर ने एनएएमएस की वित्तीय सहायता से एक बाह्यसांस्थानिक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम (पटना में) आयोजित किया है।

राजस्थान

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान राजस्थान चैप्टर ने एनएएमएस की वित्तीय सहायता से एक बाह्यसांस्थानिक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम (जयपुर में) आयोजित किया है।

पश्चिम बंगाल

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान पश्चिम बंगाल चैप्टर ने एनएएमएस की वित्तीय सहायता से एक बाह्यसांस्थानिक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम (कोलकाता में) आयोजित किए हैं।

दिनांक 01.04.2018 से 31.03.2019 तक बाह्यसांस्थानिक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रमों पर रिपोर्ट

1. **8 अक्टूबर, 2018 को भारतीय फार्माकोपिया आयोग, गाजियाबाद - 201002 में आयोजित "भारत के भेषजसहसतर्कता कार्यक्रम की वर्तमान स्थिति और भविष्य की चुनौतियां: चिकित्सा और चिकित्सा उपकरणों की सुरक्षा सुनिश्चित करना" पर सीएमई कार्यक्रम।**

आयोजन सचिव: डॉ. रमेश के. गोयल, एफएएमएस कुलपति, दिल्ली औषधि विज्ञान एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय, पुष्प विहार, सेक्टर III, एमबी मार्ग, नई दिल्ली - 110017।

सीएमई कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य

सीएमई कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य थेः

1. अंतर्राष्ट्रीय औषधि सुरक्षा निगरानी की आवश्यकता को पहचानना और नियामक आवश्यकता को समझना।
2. दिन-प्रतिदिन की चिकित्सा पद्धति में प्रयोग की जाने वाली भेषजसहसतर्कता के शब्दों की मूल परिभाषा, काम के दायरे और उद्देश्य को समझना।
3. प्रतिकूल दवा प्रतिक्रिया रिपोर्टिंग और भेषजसहसतर्कता व्यवस्था में चिकित्सकों और औषध विज्ञानी की भूमिका समझना।
4. भेषजसहसतर्कता में बुनियादी अवधारणाओं को समझना और रोगी सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए स्वास्थ्य पेशेवरों के भेषजसहसतर्कता कौशल बढ़ाने के लिए व्यावहारिक अनुभव।
5. औषधि उपचार के दौरान जोखिम प्रबंधन और इष्टतम जोखिम न्यूनीकरण विधियों के बारे में जागरूकता प्रदर्शित करना।
6. औषधि सुरक्षा और भेषजसहसतर्कता के लिए अंतर्राष्ट्रीय दृष्टिकोण की स्पष्ट समझ और ठोस ज्ञान प्राप्त करने के साथ ही सफल स्थानीय और वैश्विक नियामक अनुप्रयोगों के लिए सर्वोत्तम अभ्यास।

पर्यवेक्षक (डॉ. के. के. शर्मा, एफएएमएस) की रिपोर्ट की विशिष्टताएं:

कुल मिलाकर पचास (50) प्रतिभागी पंजीकृत थे। वैज्ञानिक कार्यक्रम में 8 शिक्षाप्रद व्याख्यान / विचार-विमर्श शामिल थे, जिनके विशेषज्ञ संकाय में भारत के पूर्व औषधि महानियंत्रक डॉ. जी. एन. सिंह भी सम्मिलित थे, उसके बाद दो पैनल चर्चाएं / मामला अध्ययन के हल के सत्र भी हुए। सभी वैज्ञानिक सत्रों के दौरान लगभग सभी प्रतिभागी उपस्थित रहे और सक्रिय रूप से भाग लिया जैसा कि पूछे गए प्रश्नों और मांगे गए स्पष्टीकरणों से विदित होता है। वैज्ञानिक कार्यक्रम का परिवेश प्रतिभागियों के लिए बहुत अधिक शैक्षणिक और उत्साहजनक था। अंत में, सभी प्रतिभागियों को भारतीय फार्माकोपिया आयोग में राष्ट्रीय भेषजसहसतर्कता केंद्र द्वारा की गई गतिविधियों से अवगत करवाया गया और वे कैसे भेषजसहसतर्कता और औषधि सुरक्षा डेटा के अंतर्राष्ट्रीय आदान-प्रदान के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन अंतर्राष्ट्रीय भेषजसहसतर्कता केंद्र: उप्साला (औषधि सुरक्षा) निगरानी केंद्र, स्वीडन से जुड़े रहे।

2. 23 नवंबर, 2018 को इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना में आयोजित "स्नातक - पूर्व चिकित्सा छात्रों के औषध निर्देशन कौशल प्रशिक्षण के लिए शिक्षण मॉड्यूल का विकास" पर सीएमई कार्यक्रम।

आयोजन सचिव: डॉ. हरिहर दीक्षित, आयोजन सचिव, इप्सकॉन - 2018, आचार्य एवं विभागाध्यक्ष, भेषजगुण विज्ञान विभाग, इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान, शेखपुरा, पटना - 800014।

सीएमई कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्यः

सीएमई कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य थेः

1. चिकित्सा पद्धति में औषध निर्देशन के महत्व को फिर से स्थापित करना।
2. सुरक्षित और पेशेवर रूप से औषध निर्देशन की आवश्यकता और प्रासंगिकता को समझना।
3. औषध निर्देशन को एक कौशल के रूप में स्वीकार करना जिसे प्रशिक्षित और सीखा जा सकता है।
4. औषध निर्देशन के कार्य में शामिल महत्वपूर्ण चरणों से अवगत करवाना।
5. स्नातक पूर्व चिकित्सा छात्रों के लिए कौशल प्रशिक्षण सत्रों की योजना बनाना।
6. सत्रों को प्रभावी ढंग से आयोजित करना और सीखने का मूल्यांकन करना।

7. स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षण मॉड्यूल विकसित करना।

पर्यवेक्षक (डॉ. के. के. शर्मा, एफएएमएस)#की रिपोर्ट की विशिष्टताएं:

वर्तमान संगोष्ठी-सह-कार्यशाला का आयोजन एमसीआई द्वारा परिकल्पित भेषजगुण विज्ञान में नए स्नातकोत्तर भेषजगुण विज्ञान पाठ्यक्रम से शिक्षण संकाय और स्नातकोत्तर छात्रों को अवगत करवाने के लिए और शिक्षकों को तैयार करने के लिए किया गया था ताकि स्नातकोत्तर छात्रों को भेषजगुण विज्ञान पढ़ाए जाने की विधि में परिवर्तन लाया जा सके जिससे छात्र निदान और पहचाने गए रोगों / स्वास्थ्य विकारों के अनुसार एक सक्षम प्रिस्क्राइबर बनें और एक कुशल प्रिस्क्राइबर होने के लिए चिकित्सक द्वारा आवश्यक अन्य आवश्यक बातों को समझें और रोगी को दी जाने वाली उसकी फार्माकोथेरेपी के कुशल मूल्यांकनकर्ता बन सकें।

संगोष्ठी की गतिविधि को पूर्ण करने में लगभग 10 संकाय सदस्यों ने भाग लिया। 3 कार्यशाला सत्रों (i) प्रशिक्षण सत्रों का मूल्यांकन, (ii) केस-आधारित अध्ययन / अध्ययन अभ्यास पर चर्चा और (iii) व्यक्तिगत समूह गतिविधि - समस्या- आधारित अधिगम मॉड्यूल की प्रस्तुतियों के बाद समूह गतिविधि के बीच अलग-अलग विषयों पर प्रत्येक से संबंधित 30 मिनट के 5 इंटरैक्टिव शिक्षाप्रद व्याख्यान थे। कार्यशाला के विषय चुनौतीपूर्ण होने के कारण प्रतिभागी उत्साहित थे और उन्हें स्नातक पूर्व चिकित्सा (एमबीबीएस) के छात्रों के शिक्षण-अधिगम गतिविधियों में परिवर्तन लाने के लिए बहुत अधिक कल्पना और दृष्टि की आवश्यकता थी, जो भविष्य में शिक्षण मॉड्यूल के क्षैतिज और ऊर्ध्वाधर दोनों का समेकन करता है; इसके अतिरिक्त, यह कैसे लागू होने जा रहा है और इससे शिक्षकों के लिए क्या कठिनाईयां/ चुनौतियां हैं।

समग्र वातावरण बहुत ही शैक्षणिक था और अत्याधुनिक मल्टी मीडिया प्रोजेक्शन और इंटरैक्शन सुविधाओं द्वारा सहायता प्राप्त था।

3. 8-9 दिसंबर, 2018 को एसएमएस मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, जयपुर में में आयोजित "स्त्रीरोग ब्रैकीथेरेपी प्रक्रियाओं पर विशेष बल देते हुए ब्रैकीथेरेपी" पर सीएमई कार्यक्रम।

आयोजन सचिव: डॉ. मैरी जोन, सहायक आचार्य, विकिरण विज्ञान भौतिकी विभाग, एसएमएस मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, जयपुर - 302004।

सीएमई कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्यः

ब्रैकीथेरेपी विकिरण चिकित्सा का एक रूप है जिसमें रेडियोधर्मी स्रोत अंदर से ट्यूमर को विकिरणित करता है और स्थानीयकृत औषधि मात्रा देता है और उच्च क्षमता औषधि मात्रा बंद हो जाती है। कई लाभ होने के बावजूद, ब्रैकीथेरेपी को संभवतः निम्नलिखित कारणों से इसकी पूरी क्षमता तक नियोजित नहीं किया गया है जोकि वर्तमान सीएमई के उद्देश्यों के रूप में बताए गए हैं।

सीएमई कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य थेः

1. उन मामलों के बारे में कोई सुनहरा नियम नहीं है जहां ब्रैकीथेरेपी का उपयोग किया जाना है और यह पूरी तरह से अर्बुदविज्ञानी के विवेक पर निर्भर है, इसलिए उचित ज्ञान और कौशल विकास अत्यधिक महत्वपूर्ण है।
2. ऐप्लिकेटर को लगाने के लिए अच्छे शल्यचिकित्सीय कौशल की आवश्यकता होती है।
3. ब्रैकीथेरेपी विशेषज्ञ सभी केंद्रों पर मौजूद नहीं हैं।
4. ब्रैकीथेरेपी के लिए एप्लीकेटर के निर्माण और उपयोग के संदर्भ में नवाचार की आवश्यकता होती है जो केवल उचित प्रशिक्षण और अनुभव के साथ आता है और इसलिए आमतौर पर इसे प्रयोग नहीं किया जाता है।

पर्यवेक्षक (डॉ. अशोक कुमार शर्मा, एफएएमएस)की रिपोर्ट की विशिष्टताएं:

कार्यशाला में अच्छी तरह से भाग लिया गया था। सक्रिय बातचीत और चर्चाएं थीं। कार्यशाला के पूर्व और बाद की प्रश्नावली के परिणाम में न्यूनतम 15-20% सुधार दिखाई देता है।

सीएमई चर्चाओं ने व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करने और कौशल विकसित करने और सुधार करने के लिए स्त्रीरोगों के कैंसर में ब्रैकीथेरेपी के औचित्य के बारे में स्पष्टता प्रदान की थीं।

कार्यशाला ने स्त्रीरोग कैंसर की बुनियादी और उन्नत ब्रैकीथेरेपी प्रक्रियाओं की सभी जानकारी प्रदान की, प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाया और उन्नत तकनीकों का प्रदर्शन शुरू करने का विश्वास दिलाया।

4. 21 और 22 फरवरी, 2019 को भेषजगुण विज्ञान विभाग, बर्दवान मेडिकल महाविद्यालय, बर्दवान, पश्चिम बंगाल में आयोजित "पारगम्यी चिकित्सा एवं उभरती चिकित्सा पर राष्ट्रीय संगोष्ठी / कार्यशाला" पर सीएमई कार्यक्रम।

आयोजन सचिव: डॉ. संदीप मुखोपाध्याय, आयोजन सचिव, ट्रांसमेड - 2019, भेषजगुण विज्ञान विभाग, बर्दवान मेडिकल कॉलेज, बर्दवान, पश्चिम बंगाल।

सीएमई कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्यः

सीएमई कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य थेः

1. अनुसंधान प्रस्ताव (ज्ञान) को विकसित करने में सम्मिलित चरणों की गणना करना।
2. बूलियन ऑपरेटरों और मेश पूर्ण रूप (ज्ञान) की गणना करना।
3. नैदानिक अनुसंधान (ज्ञान) के प्रकारों की गणना करना।
4. नमूनाकरण और यादृच्छिककरण (ज्ञान) की विधियों की गणना और चर्चा करना।
5. सूचित सहमति दस्तावेज (ज्ञान) के आवश्यक घटकों की गणना करना।
6. सूचित सहमति दस्तावेज (कौशल) विकसित करने में सक्षम होना।
7. एक मॉडल नैदानिक अनुसंधान प्रोटोकॉल (कौशल) विकसित करना।

पर्यवेक्षक (डॉ. के. के. शर्मा , एफएएमएस)#की रिपोर्ट की विशिष्टताएं:

सीएमई कार्यक्रम में दो दिन की शैक्षणिक गतिविधि सम्मिलित थी -

दिन 1 (21 फरवरी, 2019): नैदानिक अनुसंधान पर 9 घंटे की अवधि की कार्यशाला

दिन 2 (22 फरवरी 2019): पारगम्यी चिकित्सा एवं उभरती चिकित्सा पर राष्ट्रीय संगोष्ठी - 9.5 घंटे की अवधि

(i) दिवस 1 / (21/02/2019) के लिए नैदानिक अनुसंधान पर कार्यशाला में पच्चीस प्रतिभागियों को पंजीकृत किया गया था। विभिन्न स्तर के प्रतिभागियों में स्नातकोत्तर छात्रों से लेकर सहायक आचार्य/ सह आचार्य स्तर तक के संकाय सदस्य सम्मिलित थे। लगभग सभी प्रतिभागी सभी सत्रों के दौरान उपस्थित रहे। कार्यशाला कार्यक्रम में 9.5 घंटे के सत्र सम्मिलित थे, प्रत्येक सत्र एक व्याख्यान पृष्ठभूमि के बाद समूह गतिविधि के साथ आरंभ हुआ। सभी प्रतिभागियों ने बहुत उत्साह से और उत्सुकता से चर्चा और समूह / प्रायोगिक गतिविधियों में भाग लिया।

(ii) दिवस 2 / (22/02/2019) को 100 से अधिक प्रतिभागियों (कार्यशाला के लिए पंजीकृत एक सहित) को "पारगम्यी चिकित्सा एवं उभरती चिकित्सा" पर राष्ट्रीय संगोष्ठी के लिए पंजीकृत किया गया था। संगोष्ठी का आयोजन शिक्षाप्रद व्याख्यान के रूप में किया गया था, जिसके बाद प्रत्येक में सभी इंटरैक्टिव एवं प्रश्न और उत्तर सत्र थे। सभी विषय प्राथमिकता वाले क्षेत्रों से संबंधित थे जैसा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 में परिकल्पित किया गया था, जिसमें डायसिप्लिडिमिया, उच्च रक्तचाप, सीओपीडी, कैंसर, थायरॉयड विकार, माइग्रेन, टीबी और एचआईवी सह-संक्रमण, हड्डी के स्वास्थ्य, वैयक्तिकृत चिकित्सा, स्टेम-सेल चिकित्सा विज्ञान, खेल भेषजगुण विज्ञान और डिजिटल स्वास्थ्य में नवाचार के उपचार के लिए चिकित्सीय तौर-तरीकों और भविष्य के निर्देशों पर चर्चा की गई थी। सभी सत्र इंटरैक्टिव थे और संकाय और दर्शक दोनों प्रशिक्षण-शिक्षण गतिविधियों के बारे में गंभीर थे। समग्र वातावरण बहुत अधिक शैक्षणिक था जिसने मुक्त चर्चा और प्रतिक्रिया को प्रोत्साहित किया।

दिनांक **01.04.2018**# से **31.03.2019**# तक बाह्यसांस्थानिक
सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रमों के तहत अनुदान दर्शाती विवरणी

क्र.सं.	**विषय**	**स्वीकृत राशि**# (**रुपए**,#
1.	"भारत के भेषजसहसतर्कता कार्यक्रम की वर्तमान स्थिति और भविष्य की चुनौतियां: चिकित्सा और चिकित्सा उपकरणों की सुरक्षा सुनिश्चित करना" पर सीएमई कार्यक्रम गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश): 8 अक्टूबर, 2018	1,20,000/-# अनुदान स्वीकार करने से मना कर दिया।#
2.	"स्नातक - पूर्व चिकित्सा छात्रों के औषध निर्देशन कौशल प्रशिक्षण के लिए शिक्षण मॉड्यूल का विकास" पर सीएमई कार्यक्रम। पटना: 23 नवंबर, 2018	1,28,000/-##
3.	"स्त्रीरोग ब्रैकीथेरेपी प्रक्रियाओं पर विशेष बल देते हुए ब्रैकीथेरेपी" पर सीएमई कार्यक्रम। जयपुरः 8-9 दिसंबर, 2018	1,50,000/-#
4.	"पारगम्यी चिकित्सा एवं उभरती चिकित्सा पर राष्ट्रीय संगोष्ठी / कार्यशाला" पर सीएमई कार्यक्रम पश्चिम बंगालः 21 और 22 फरवरी, 2019	1,70,000/-##

शैक्षणिक समिति एवं शैक्षणिक परिषद् की रिपोर्ट

शैक्षणिक समिति और शैक्षणिक परिषद की बैठक 15 जून, 2019 को आयोजित की गई थी। सदस्यों को सूचित किया गया था कि वित्त वर्ष 2018-19 के दौरान पुद्दुचेरी और दिल्ली में दो अंतःसांस्थानिक सीएमई आयोजित की गई थीं और "नैम्स सभागार में आयोजित कौशल विकास और चिकित्सा शिक्षा के लिए नैम्स अंतःसांस्थानिक सीएमई "के अंतर्गत दो सीएमई कार्यक्रम श्रीमती कमला रहेजा सभागार और प्रो. जे. एस. बजाज बहु-व्यावसायिक शिक्षा केंद्र में आयोजित किए गए थे। सभी कार्यक्रम बहुत सफल थे और उनकी प्रतिभागियों द्वारा सराहना की गई।

बैठक की सिफारिशें निम्नानुसार हैं:

- **शैक्षणिक समिति के अध्यक्ष और सचिव का चुनाव**

  समिति ने डॉ. प्रेमा रामचंद्रन को समिति की अध्यक्षा और डॉ. दीप नारायण श्रीवास्तव को समिति के सचिव के रूप में चुना।

  डॉ. प्रेमा रामचंद्रन ने कहा कि डॉ. गोपालन द्वारा यह अनुभव किया गया है कि नैम्स - एनएफआई के सहयोग द्वारा आयोजित संगोष्ठी ने दोनों संस्थानों को लाभान्वित किया है और इसलिए यह इच्छा है कि नैम्स -एनएफआई संगोष्ठी को नियमित गतिविधि के रूप में जारी रखा जा सकता है।

  डॉ. एस. एस देशमुख ने .अपने द्वारा रची और संकलित की गई अपनी पुस्तक नामित “एक अच्छे डॉक्टर की खोज में” की एक प्रति नैम्स के अध्यक्ष को प्रस्तुत की तथा इसे नैम्स के पुस्तकालय में रखे जाने का अनुरोध किया।

  शैक्षणिक समिति ने डॉ. बजाज पर एक पुस्तक के विचार के बारे में चर्चा की जिसमें उन व्यक्तियों द्वारा लिखे गए लेख होंगे जिन्होंने डॉ. बजाज के साथ लंबे समय तक काम किया है।

- हिमाचल प्रदेश राज्य में सीएमई कार्यक्रम आयोजित करने का प्रयास किया जाना चाहिए। यह भी प्रस्तावित किया गया था कि इसके बारे में नैम्स संयोजकों के साथ शीघ्र से शीघ्र एक बैठक आयोजित की जा सकती है।

- नैम्स उत्तर पूर्वी क्षेत्र को सीएमई कार्यक्रम आयोजित करने और मेडिकल कॉलेजों में नेटवर्क बनाने में सहायता करना प्रारंभ कर सकता है। यदि इस वर्ष इस तरह की गतिविधियां भली प्रकार से आगे बढ़ती हैं, तो शिलांग में नैम्सकॉन - 2020 का आयोजन किया जा सकता है। डॉ. प्रेमा रामचंद्रन ने अनुभव किया कि उन्हें सीएमई प्रस्तावों को लिखने और सीएमई आयोजित करने में सहायता की आवश्यकता हो सकती है। डॉ. कामेश्वरन ने पूर्व में सीएमई प्रस्ताव तैयार करने और बैठक के आयोजन दोनों में उत्तर पूर्वी इंदिरा गाँधी स्वास्थ्य एवं आयुर्विज्ञान आंचलिक संस्थान की सहायता की थी; उन्होंने कहा कि वे इस वर्ष भी यह जिम्मेदारी लेकर प्रसन्न होंगे।
- **श्रीमती कमला रहेजा सभागार और प्रो. जे. एस. बजाज बहु-व्यावसायिक शिक्षा केंद्र में कौशल विकास एवं चिकित्सा शिक्षा पर नैम्स अंतःसांस्थानिक सीएमई**
- सदस्यों को अवगत कराया गया था कि वित्त वर्ष 2018-19 के दौरान कौशल विकास के अंतर्गत दो (2) सीएमई कार्यक्रम श्रीमती कमला रहेजा सभागार और प्रो. जे. एस. बजाज बहु-व्यावसायिक शिक्षा केंद्र में आयोजित किए गए थे। दोनों कार्यक्रमों की प्रतिभागियों ने बहुत सराहना की।
- डॉ. एस. एस. देशमुख ने सुझाव दिया कि नैम्स भारतीय बाल रोग संघ और जन स्वास्थ्य आदि जैसे पेशेवर संघों के साथ सहयोग / सहभागिता में सीएमई कार्यक्रमों के आयोजन की संभावना की खोज कर सकता है।
- सदस्यों ने बाल समस्याओं का प्रारंभ में पता लगाने के लिए विद्यालय के शिक्षकों, माता-पिता और परा - चिकित्सीय कर्मचारियों को ज्ञान प्रदान करने की विधियों का पता लगाने के प्रस्ताव पर विस्तार से चर्चा की। नैम्स पहले से ही अंतःसांस्थानिक सीएमई कार्यक्रम, बाह्यसांस्थानिक सीएमई कार्यक्रम और कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। यह अनुशंसा की गई थी कि "विशेष आवश्यकताओं वाले लोगों के लिए स्वास्थ्य पहल" विषय के अंतर्गत गतिविधियों का एक नया सेट शुरू किया जा सकता है। इस कार्यक्रम के तहत कम से कम एक कार्यक्रम मुंबई, चेन्नई और दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। यह सुझाव दिया गया था कि मानव संसाधन विकास मंत्रालय और स्वास्थ्य मंत्रालय से एक नोडल अधिकारी की पहचान की जा सकती है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा सकता है कि मंत्रालय के सहयोग से इन कार्यक्रमों को कैसे विकसित किया जा सकता है। डॉ. देशमुख ने कहा कि वह सितंबर, 2019 के अंत में एक कार्यक्रम का आयोजन करेंगी और अकादमी को सूचित करेंगी; डॉ. मोहन कामेश्वरन

ने कहा कि वह इस कार्यक्रम के लिए चेन्नई में टेली-लिंकेज आयोजित करने का प्रयास करेंगे। नैम्स का प्रयत्न होगा कि दिल्ली में टेली-लिंकेज हो। डॉ. कामेश्वरन चेन्नई में कार्यक्रम के लिए विषय भी तलाशेंगे।

- विस्तारपूर्वक विचार - विमर्श के बाद नैम्सकॉन-2019 में सीएमई के लिए अनुमोदित विषय "रोगाणुरोधी प्रतिरोध" था और वैज्ञानिक संगोष्ठी का विषय "आणविक जीवविज्ञान: चिकित्सा पर प्रभाव" था। निम्नलिखित विषयों पर चर्चा करने के लिए चार वक्ताओं के साथ संगोष्ठी 2 घंटे की अवधि के लिए होगी:

  1. वर्तमान के आणविक जीवविज्ञान का अवलोकन
  2. निदानिकी की भूमिका
  3. पारंपरिक चिकित्सा विज्ञान में आणविक जीवविज्ञान की भूमिका
  4. भविष्य के परिप्रेक्ष्य

  शैक्षणिक समिति ने अधिकृत किया

- डॉ. पी. के. दवे से अनुरोध किया गया था कि वे एम्स, भोपाल में जीवनकाल उपलब्धि पुरस्कार स्वीकार करें क्योंकि वे पुद्दुचेरी में इसे स्वीकार नहीं कर पाए थे। समिति ने चर्चा के बाद डॉ. एस. एस. देशमुख द्वारा प्रस्तावित और डॉ. पी. के. दवे द्वारा अनुमोदित किए गए डॉ. मुकुंद एस. जोशी को जीवनकाल उपलब्धि पुरस्कार प्रदान करने का निर्णय लिया। इसे समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया था।
- समिति अध्यक्ष ने कहा कि पूर्व में नैम्स जीवनकाल उपलब्धि पुरस्कार से सम्मानित प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञा डॉ. एस. पद्मावती 20 जून 2019 को अपना सौवां जन्मदिवस मनाएंगी। यह निर्णय लिया गया था कि अकादमी के लिए उनके योगदान की सराहना करते हुए और उसके स्वस्थ और समृद्ध जीवन की कामना करते हुए नैम्स द्वारा उन्हें एक उपयुक्त पत्र भेजने पर विचार किया जा सकता है।
- सचिव ने समिति का ध्यान इस ओर आकर्षित किया कि गत 3 वर्षों से हमने नैम्स - पीजीआईएमईआर संगोष्ठी के अंतर्गत किसी भी सीएमई कार्यक्रम की योजना नहीं बनाई / आयोजित नहीं की है। यह सिफारिश की गई थी कि पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ के निदेशक को एक पत्र भेजा जा सकता है जो उन्हें नैम्स-पीजीआईएमईआर के बीच हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन के बारे में सूचित करे जिसके अंतर्गत पीजीआईएमईआर में हर वर्ष एक सीएमई आयोजित की जाती है और वर्ष के लिए सीएमई पर उनके विचार

प्राप्त करे। इस संबंध में यदि सकारात्मक उत्तर प्राप्त होता है जिसमें पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ ने नैम्स के साथ संबंध रखने में अपनी रुचि दिखाई तो यह शैक्षणिक गतिविधि जारी रखी जा सकती है। यदि वे इस प्रकार की सीएमई गतिविधियों को जारी रखने में रुचि नहीं रखते हैं तो इसे बंद किया जा सकता है।

- नैम्स यह पता लगा सकता है कि क्या उत्तर पूर्वी इंदिरा गाँधी स्वास्थ्य एवं आयुर्विज्ञान आंचलिक संस्थान, शिलांग जैसे कुछ अन्य संगठन इस तरह की एक संगोष्ठी का आयोजन करना चाहेंगे अथवा क्या वे भिन्न-भिन्न उत्तर पूर्वी राज्यों में हर वर्ष क्षेत्रीय हित के विषयों पर इस प्रकार की संगोष्ठी का समन्वय कर सकते हैं जो संगोष्ठी नैम्स के सहयोग से की जाए।
- सचिव ने बताया कि जनवरी 2019 से नैम्स के वर्ष - वृतांतों के प्रकाशन को आउटसोर्स कर दिया गया है और इस संबंध में नैम्स और थिएम के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। उन्होंने सदस्यों को समझौता ज्ञापन के नियमों और शर्तों, प्रक्रिया और लागत के बारे में जानकारी दी। चूंकि प्रकाशन थिएम द्वारा किया जा रहा है तो मुख पृष्ठ एवं अन्य सामग्री को और समझौता ज्ञापन / दिशानिर्देशों और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार परिवर्तित / संशोधित किया जाना है। सचिव ने बताया कि अब से लेख ऑनलाइन जमा किए जाएंगे। ऑनलाइन लेख प्रस्तुत करने के लिए एक विशिष्ट प्रारूप का पालन करना होगा। सबसे पहले, लेख की समीक्षा थिएम द्वारा की जाएगी और फिर इसे समीक्षा के लिए नैम्स समीक्षक को भेजा जाएगा। साहित्यिक चोरी के लिए जाँच करने के लिए एक सॉफ्टवेयर सुविधा उपलब्ध है। यदि पर्याप्त साहित्यिक चोरी पाई जाती है तो लेख को अस्वीकार कर दिया जाएगा। थिएम के माध्यम से वर्ष - वृतांतों को प्रकाशित करने से वर्ष - वृतांतों को अनुक्रमित करने के लिए समय अंतराल कम किया जा सकता है। नैम्स का जोधपुर केंद्र जोधपुर से वर्ष - वृतांतों को भेजना जारी रखेगा। वर्ष - वृतांतों में नैतिक शैक्षणिक विज्ञापन (मुख्य रूप से पुस्तकों, पत्रिकाओं, आदि के संबंध में और दवाओं, उपकरणों आदि के बारे में नहीं) होने का प्रस्ताव था। सदस्यों ने इन प्रयासों की सराहना की और अनुभव किया कि ये परिवर्तन अच्छी संख्या में गुणवत्ता लेखों के प्रकाशन में सुधार ला सकते हैं और वर्ष - वृतांतों के लिए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मान्यता पाने में तीव्रता ला सकते हैं।
- सचिव ने कहा कि आमतौर पर संपादकीय बोर्ड का गठन तीन वर्षों के लिए किया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय अनुक्रमण के लिए पत्रिका के लिए कम से कम एक या दो अंतरराष्ट्रीय

संपादकों का होना आवश्यक है। डॉ. एम. एस. बोपाराय वहां अंतरराष्ट्रीय संपादक के रूप में हैं। डॉ. प्रेमा ने कहा कि वह डॉ. सौम्या स्वामीनाथन को लिखेंगी और यह पता लगाएंगी कि क्या वे अंतर्राष्ट्रीय संपादक होने का उत्तरदायित्व स्वीकार करने के लिए तैयार होंगी। यदि डॉ. स्वामीनाथन ने मना कर दिया तो नैम्स द्वारा विदेशों में बसे नैम्स के अध्येताओं में से अंतर्राष्ट्रीय संपादक बनने की संभावनाएं खोजी जा सकती हैं।

- सचिव ने कहा कि मैसर्स थिएम 2019 का पहला अंक शीघ्र ही प्रकाशित करेगा; दूसरा और तीसरा अंक भोपाल के एम्स में नैम्सकॉन 2019 में जारी किए जाएंगे। मैसर्स थिएम ने भोपाल के एम्स में अपना स्टॉल लगाने का प्रस्ताव दिया है। स्टालों पर होने वाले व्यय को उनके द्वारा वहन किया जाएगा।
- सचिव ने प्रस्तावित किया कि नैम्स वर्ष वृतांतों के नए प्रकाशित 2019 के अंकों के लिए डॉ. हर्षवर्धन को नैम्स में आमंत्रित किया जा सकता है। यदि उन्हें समय नहीं मिल पाता है, तो वर्ष वृतांत एम्स भोपाल के अध्यक्ष द्वारा नैम्सकॉन 2019 में जारी किया जा सकता है। प्रस्ताव को सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई। सचिव से इस दिशा में आवश्यक कदम उठाने का अनुरोध किया गया।

चिकित्सा वैज्ञानिकों का आदान-प्रदान कार्यक्रम (स्वास्थ्य मानवशक्ति विकास)

सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम के अधीन स्वास्थ्य मानवशक्ति विकास के क्षेत्र में अकादमी द्वारा संवर्धित कार्यकलापों में से एक है-कनिष्ठ स्तरों और मध्यम स्तरों पर "चिकित्सा वैज्ञानिकों का आदान-प्रदान"।

अकादमी कनिष्ठ और मध्यम स्तर के विशेषज्ञों/वैज्ञानिकों को सुस्थापित उत्कृष्टता केंद्र पर जाने के लिए और नए कौशल प्राप्त करने के लिए निधि उपलब्ध कराता है। इस योजना के अंतर्गत चयनित नामिती यात्रा व्यय की प्रतिपूर्ति (वास्तविक द्वितीय श्रेणी एसी टू-टियर रेल किराया तक सीमित)#और 5000/-#रूपए की अधिकतम सीमा के अधीन प्रशिक्षण अवधि के दौरान 300/-#रूपए प्रतिदिन की दर पर दैनिक भत्ता के पात्र हैं।

वर्ष 2018-19 तक दो सौ दो (202)#चिकित्सा वैज्ञानिकों/ शिक्षकों का उन्नत प्रशिक्षण के लिए चयन हुआ है और नैम्स से अनुदान सहायता प्राप्त कर उन्होंने अपना प्रस्तावित प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा किया है।

01.04.2018 से 31.03.2019 तक अंतःसांस्थानिक सीएमई कार्यक्रमों पर रिपोर्ट

1. 26 अक्टूबर, 2018 को महात्मा गांधी मेडिकल कॉलेज एवं अनुसंधान संस्थान, पुडुचेरी में आयोजित **"वर्तमान में भारत में गैर-संक्रमणीय रोगों का उदय"** पर राष्ट्रीय संगोष्ठी

संचालन अधिकारी: प्रो. डॉ. पी. कार्तिकेयन, आयोजन सचिव, नैम्सकॉन - 2018, महात्मा गांधी मेडिकल कॉलेज एवं अनुसंधान संस्थान, पुडुचेरी।

संगोष्ठी के मुख्य उद्देश्यः

संगोष्ठी के उद्देश्य थेः

1. स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देकर पुराने गैर संक्रमणीय रोगों के कारण रोग के बोझ को कम करना, सामान्य जोखिम कारकों की व्यापकता को कम करना और सबसे अधिक लागत प्रभावी तरीके से गैर संक्रमणीय रोगों के निदान वाले रोगियों के लिए एकीकृत साक्ष्य आधारित उपचार विकल्प प्रदान करना।
2. गैर संक्रमणीय रोगों के लिए स्वास्थ्य देखभाल की गुणवत्ता के स्तर में सुधार करना।
3. राष्ट्रीय स्तर पर गैर संक्रमणीय रोगों की रोकथाम और नियंत्रण के लिए निर्धारित प्राथमिकता को बढ़ाना।
4. गैर संक्रमणीय रोगों की रोकथाम और नियंत्रण को संबोधित करने वाली प्रणाली को सुदृढ़ और उन्मुख बनाना।
5. गैर संक्रमणीय रोगों की रोकथाम और नियंत्रण के लिए उच्च गुणवत्ता वाले अनुसंधान और विकास के लिए राष्ट्रीय क्षमता को बढ़ावा देना और समर्थन करना।
6. शोर-प्रेरित बहरापन और इसे दूर करने के लिए निवारक उपायों के बारे में ज्ञान प्राप्त करना।
7. गैर संक्रमणीय रोगों के जोखिम कारकों के रूप में कुपोषण और पोषण आधिक्य की भूमिका को समझना।

पर्यवेक्षक (डॉ. सी. आदितन)#की रिपोर्ट की विशिष्टताएं:

सीएमई अच्छी तरह से संरचित था और कार्यक्रम के अनुसार आयोजित किया गया था। श्रव्य - दृश्य उपकरण सुविधा और स्थल बहुत अच्छा था। सभी वक्ता अपने विषय में दक्ष और विशेषज्ञ थे। उनकी प्रस्तुतियां अच्छी थीं और उन्होंने अपने ज्ञान को दर्शकों के साथ साझा किया। प्रतिभागी बहुत उत्साहित थे और उन्हें वक्ताओं के साथ बातचीत करने का पर्याप्त अवसर दिया गया था। सीएमई कार्यक्रम के उद्देश्यों को पूरा किया गया था और किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं पाई गई थी। प्रतिभागियों को अधिगम संसाधन सामग्री एक सीडी के रूप में प्रदान की गई थी। पंजीकृत प्रतिभागियों की कुल संख्या 150 थी जिनमें से 100 से 120 सदस्य उपस्थित थे। व्याख्यान अधिकतर शैक्षिक उन्मुख और इंटरैक्टिव थे। प्रस्तुति अच्छी गुणवत्ता की थी और श्रव्य - दृश्य टीम द्वारा भली प्रकार से प्रबंधित की गई थी। उपलब्ध कराई गई जानकारी साक्ष्य आधारित थी। सीएमई कार्यक्रम उच्च गुणवत्ता वाला था और प्रतिभागियों के लिए अत्यधिक लाभदायक था।

2. 27 नवंबर, 2018 को श्रीमती कमला रहेजा सभागार एवं प्रोफेसर जे. एस. बजाज बहुव्यावसायिक शिक्षा केंद्र, नई दिल्ली में आयोजित **"एसडीजी पोषण लक्ष्यों के साथ भारत की कोशिश"** पर सीएमई कार्यक्रम।

संचालन अधिकारीः डॉ. प्रेमा रामाचंद्रन, निदेशक, भारतीय पोषण फाउंडेशन, नई दिल्ली।

सीएमई के उद्देश्य प्रतिभागियों को इस बारे में परिचित करना था:

1. 1990-2015 की अवधि में भारतीयों के स्वास्थ्य और पोषण की स्थिति में बदलाव।
2. एमडीजी के पोषण लक्ष्यों के संदर्भ में भारत की उपलब्धि।
3. भारत की राष्ट्रीय पोषण रणनीति
4. 2025 और 2030 के लिए पोषण लक्ष्य।
5. एसडीजी के तहत एनसीडी लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए संबल के रूप में पोषण।
6. लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रस्तावित हस्तक्षेप कार्यक्रम।
7. इन लक्ष्यों की दिशा में प्रगति की निगरानी करना।

पर्यवेक्षक (**डॉ. रवींद्र मोहन पांडे**, **एफएएमएस**)#**की रिपोर्ट की विशिष्टताएं**:

सीएमई कार्यक्रम का उल्लिखित उद्देश्य एसडीजी लक्ष्यों को पूरा करने के लिए विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों पर चर्चा करना था, पोषण और खाद्य प्रणालियों के माध्यम से एसडीजी लक्ष्य कैसे प्राप्त करें, स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र में युवा शोधकर्ताओं की संवेदनशीलता और क्षमता का निर्माण करना था। सीएमई कार्यक्रम ने सीएमई कार्यक्रम संयोजक द्वारा उल्लिखित सभी उद्देश्यों को पूरा किया। एकमात्र कमी सीएमई के बारे में विज्ञापन का अभाव था। इस तरह के कार्यक्रमों के व्यापक प्रचार के माध्यम से प्रतिभागियों की संख्या बढ़ाई जा सकती थी।

एलआरएम प्रतिभागियों को सीडी के रूप में प्रदान किया गया था। लगभग 60 प्रतिभागियों को पंजीकृत किया गया था और पूरे कार्यक्रम के दौरान लगभग सभी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शैक्षिक व्याख्यान और प्रदर्शन शामिल थे। प्रतिभागियों को वीडियो रिकॉर्डिंग के माध्यम से व्यावहारिक प्रदर्शन प्रदान किया गया था। पाठ्यक्रम संकाय द्वारा प्रस्तुतिकरण उत्कृष्ट था क्योंकि वक्ता अपने क्षेत्र में विशेषज्ञ थे। सीएमई कार्यक्रम के दौरान उपयोग किए जाने वाले श्रव्य दृश्य उपकरण उत्कृष्ट थे। शैक्षिक सामग्री, यानी प्रदान की जाने वाली अत्याधुनिक जानकारी अद्यतित और उत्कृष्ट थी। प्रदान की गई जानकारी साक्ष्य आधारित थी।

01.04.2018#से 31.03.2019#तक अंतःसांस्थानिक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रमों के अधीन अनुदान दर्शाती विवरणी

क्र.सं.	विषय	स्वीकृत राशि (रुपए,#
1.#	"वर्तमान में भारत में गैर-संक्रमणीय रोगों का उदय" पर सीएमई कार्यक्रम पुडुचेरी: 26 अक्टूबर, 2018	2,20,000/-#
2.	"एसडीजी पोषण लक्ष्यों के साथ भारत की कोशिश" पर नैम्स-एनएफआई संगोष्ठी दिल्ली: 27 नवंबर, 2018	सीएमई अनुदान के लिए अनुरोध नहीं किया गया था।

कौशल विकास और चिकित्सा शिक्षा के लिए
नैम्स अंतःसांस्थानिक सीएमई

नैम्स सभागार में आयोजित कौशल विकास और चिकित्सा शिक्षा के लिए नैम्स अंतःसांस्थानिक सीएमई के अंतर्गत सीएमई, जो पूर्व में पायलट परियोजना के रूप में नामित थे, सफलतापूर्वक आयोजित किए गए थे।

1 अप्रैल, 2018 से 31 मार्च, 2019 की अवधि के दौरान आयोजित कौशल विकास और चिकित्सा शिक्षा के लिए नैम्स अंतःसांस्थानिक सीएमई पर रिपोर्ट

1. 20 मई, 2018 को कमला रहेजा सभागार और प्रोफेसर जे. एस. बजाज बहु-व्यावसायिक शिक्षा केंद्र, नई दिल्ली में आयोजित **"पेशीकंकालीय हस्तक्षेप पर अन्तःक्षेपी विकिरण विज्ञान सीएमई और कार्यशाला"** पर सीएमई कार्यक्रम

   आयोजन अधिकारी: डॉ. दीप नारायण श्रीवास्तव, आचार्य, विकिरण निदान विभाग, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, अंसारी नगर, नई दिल्ली - 110029।

   सीएमई के उद्देश्य और औचित्य:

   हस्तक्षेपी विकिरण विज्ञान तकनीक न्यूनतम इनवेसिव हस्तक्षेप विकिरण विज्ञान जीवन रक्षक प्रक्रियाएं हैं। ये प्रक्रियाएं पारंपरिक इनवेसिव उपचार के लिए व्यावहारिक विकल्प हैं और बाह्य रोगी व्यवस्था में और जीवन की रक्षा या उपशामक या मानक उपचार विधि के रूप में भी की जा सकती हैं। इस कार्यक्रम के उद्देश्य थे:

   1. निदान और उपचार दोनों में पेशीकंकालीय (एमएसके) विकारों में तकनीक सीखने के लिए स्नातकोत्तरों और अभ्यासरत विकिरण वैज्ञानिकों की सहायता करने वाली अन्तःक्षेपी विकिरण विज्ञान प्रक्रियाओं के बारे में हालिया प्रगति से प्रतिभागियों को परिचित कराना।
   2. शवों और फैंटम मॉडलों पर प्रक्रियाओं का संचालन करके प्रदर्शित करना और प्रतिभागियों को प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रदान करना और आईआर-एमएसके तकनीकों को सीखने के लिए प्रतिभागियों को प्रशिक्षित करना।

3. अन्य अस्पतालों, विशेष रूप से एम्स दिल्ली और जोधपुर इत्यादि के विकिरण वैज्ञानिकों के साथ आईआर-एमएसके तकनीकों के प्रशिक्षण और जानकारी साझा करने के लिए एनकेएन / टेलीमेडिसिन सुविधा का उपयोग करना

पर्यवेक्षक (डॉ. के. के. शर्मा) की रिपोर्ट की विशिष्टताएं:

परिचयात्मक सत्र में, सीएमई कार्यक्रम संयोजक, डॉ. दीप एन. श्रीवास्तव ने पाठ्यक्रम संकाय, कार्यशाला के लक्ष्य और उद्देश्यों को प्रस्तुत किया और बताया कि सीएमई वैज्ञानिक कार्यक्रम पूरे दिन के सत्रों में कैसे आयोजित किया जाएगा। उन्होंने प्रतिभागियों को सलाह दी कि वे शांत चित्त रहें और जब भी आवश्यकता हो तब प्रश्न पूछने, स्पष्टीकरण मांगने के लिए स्वतंत्र हैं। सभी प्रतिभागियों के लिए सीएमई पूर्व और सीएमई पश्च मूल्यांकन प्रश्नावली प्रस्तुत करना आवश्यक था, जो आयोजक को न केवल कार्यशाला के सीखने के प्रभाव परिणाम का मूल्यांकन करने में सहायता करेगा, बल्कि कार्यशाला वैज्ञानिक कार्यक्रम के संचालन पर प्रतिक्रिया भी देगा। वैज्ञानिक सत्रों का पूरा वातावरण अनौपचारिक और प्रतिभागियों के अनुकूल था। सभी विचार-विमर्श उत्साहवर्धक, संवादात्मक थे और सीएमई विचार-विमर्श के दौरान प्रतिभागियों द्वारा प्राप्त की गई उनकी रोगी देखभाल और शिक्षण / शिक्षण गतिविधियों को बेहतर बनाने में कार्यशाला का पूरा लाभ उठाने के लिए प्रतिभागियों के दिल में एक सोच पैदा की। सीएमई के उद्देश्यों को काफी सीमा तक पूर्ण किए गए थे। आयोजकों ने एक अच्छी तरह से डिज़ाइन किया गया सीएमई सह कार्यशाला वैज्ञानिक कार्यक्रम प्रदान किया। प्रत्येक विषय पर विचार-विमर्श के दौरान, प्रतिभागियों को सूचित किया गया कि वे अंतिम सत्र के दौरान चर्चा के तहत विभिन्न प्रक्रियाओं और तकनीकों से कैसे अवगत होने जा रहे हैं, जहां प्रदर्शन और प्रायोगिक प्रशिक्षण किया जाएगा। संकाय सहित पंजीकृत प्रतिभागियों की संख्या 82 थी। उनमें से अधिकांश पूरे कार्यक्रम में उपस्थित थे। कार्यक्रम में स्लाइड शो के माध्यम से केवल शिक्षाप्रद व्याख्यान ही शामिल नहीं थे, अपितु चर्चा के तहत तकनीकों और प्रक्रियाओं की व्याख्या करने के लिए कई उपकरणों, मॉडलों और मल्टी-मीडिया वास्तविक समय वीडियो एनिमेशन का प्रदर्शन भी था।

विभिन्न पेशीकंकालीय अन्तःक्षेपी विकिरण विज्ञान तकनीकों और प्रक्रियाओं को प्रदर्शित करने के लिए चार कार्यस्थानों का उपयोग करके इंटरएक्टिव सत्र / लघु समूह अधिगम गतिविधियों को प्रायोगिक प्रदर्शन सह स्वंय करें समूह गतिविधि के रूप में आयोजित

किया गया था। सभी चार कार्यस्थानों ने कशेरुक स्तंभ, व्यक्तिगत कशेरुका, प्रेत अंग, धड़, शव और पुतलों का उपयोग किया था। प्रतिभागियों को 20 प्रतिभागियों के चार समूहों में विभाजित किया गया था, जिनमें से प्रत्येक को बारी बारी से चारों कार्यस्थानों पर समायोजित किया गया था। आठ संकाय सदस्यों ने प्रत्येक कार्य स्थान का प्रबंधन किया जहां पहले तीन सत्रों में कवर किए गए सभी विषयों और स्थितियों से संबंधित पेशीकंकालीय अन्तःक्षेपी विकिरण विज्ञान प्रक्रियाओं के हार्डवेयर और तकनीकों का प्रदर्शन किया गया था। अन्तःक्षेपी विकिरण विज्ञान तकनीक और प्रक्रियाओं को समझाने और दिखाने के लिए विभिन्न प्रकार के उपकरणों, कशेरुक स्तंभ, व्यक्तिगत कशेरुका, प्रेत अंग, धड़ और शव और पुतलों के मॉडल का उपयोग किया गया था। सभी कार्यस्थानों पर बारी बारी से प्रतिभागियों के समूह ने भाग लिया। सभी प्रतिभागी बहुत उत्साहित थे क्योंकि उन्हें न केवल पहले प्रदर्शन की गई तकनीकों और प्रक्रियाओं की बारीकियों को दिखाया और समझाया गया बल्कि पाठ्यक्रम संकाय की देखरेख में उन्होंने स्वयं द्वारा प्रायोगिक प्रदर्शन भी किया। सीएमई सह कार्यशाला ने मूल रूप से चार अलग-अलग लेकिन एकीकृत सत्रों में एमएसके विकारों के निदान में आईआर की भूमिका को कवर किया। पहले सत्र में तीन व्याख्यान शामिल थे जो इस विषय के लिए समर्पित थे कि कैसे इमेजिंग तकनीक ने एफएनएसी / बायोप्सी के परिणाम में सुधार किया है; नैदानिक और चिकित्सीय तौर-तरीकों के रूप में जोड़ों के और गैर जोड़ों के इंजेक्शन। दूसरे सत्र में अवलोकन, प्रयुक्त तकनीक हार्डवेयर और ओस्टियोइड ओस्टियोमा के थर्मल अपस्फीति और एमएसके ट्यूमर के एंजियो-एम्बोलाइजेशन में उनकी स्थिति संबंधित विषय सम्मिलित थे। तीसरे सत्र में, रीढ़ की हड्डी हस्तक्षेपों के लिए उपयोग की जाने वाली तकनीकों पर चर्चा और प्रदर्शन किया गया था। इस सत्र में लेजर प्रक्रिया के लिए आईआर प्रक्रियाएं (आईआर-पीएलडीडी), मुख संधि आईआर और कशेरुका समेकन आईआर तकनीक न केवल सैद्धांतिक रूप से व्याख्यानों द्वारा कवर की गईं, बल्कि विभिन्न प्रक्रियाओं का वास्तविक समय एनीमेशन तकनीक और स्लाइड शो द्वारा प्रदर्शन भी किया गया। अत्याधुनिक श्रव्य दृश्य उपकरण प्रदान किए गए, जिसने कार्यक्रम की सहायता की जिसकी प्रतिभागियों ने सराहना की। प्रतिभागियों ने न केवल, वातावरण का आनंद लिया बल्कि सीएमई की वैज्ञानिक सामग्री का भी आनंद लिया। हां, सभी वैज्ञानिक प्रस्तुतियां साक्ष्य आधारित और आईआर-एमएसके प्रक्रियाओं से संबंधित वास्तविक समय के मल्टी-मीडिया स्लाइड और एनीमेशन वीडियो द्वारा समर्थित थीं। उपलब्ध कराई गई जानकारी साक्ष्य आधारित थी।

2. 30 मार्च, 2019 को कमला रहेजा सभागार और जे. एस. बजाज बहु-व्यावसायिक शिक्षा केंद्र, नई दिल्ली में आयोजित "भारत की स्वास्थ्य देखभाल की अपूर्ण आवश्यकताएं" पर चर्चा बैठक

आयोजन अधिकारी: डॉ. एन. आर. जगन्नाथन एवं डॉ. दीप नारायण श्रीवास्तव, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, अंसारी नगर, नई दिल्ली - 110029।

चर्चा बैठक के उद्देश्य थे:

1. देश की वर्तमान स्वास्थ्य आवश्यकताओं पर चर्चा।
2. वर्तमान राष्ट्रीय सर्वेक्षण और चुनौतियों पर चर्चा।
3. आगे आवश्यक कार्रवाई के लिए प्राथमिकता वाले क्षेत्रों की पहचान।
4. नीति आयोग और अन्य सरकारी अभिकरणों को प्रस्तुत करने के लिए एक श्वेत पत्र तैयार करना।

कार्यक्रम पर रिपोर्ट:

कमला रहेजा सभागार, नैम्स, नई दिल्ली में 30 मार्च, 2019 (शनिवार) को इन्सा और नैम्स द्वारा संयुक्त रूप से "भारत की स्वास्थ्य देखभाल की अपूर्ण आवश्यकताएं" पर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें 60 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। बैठक का उद्घाटन एम्स, नई दिल्ली के निदेशक प्रो. रणदीप गुलेरिया ने किया। कार्यक्रम में दो सत्र थे। पहला सत्र "देश की वर्तमान स्वास्थ्य आवश्यकताओं का अवलोकन" था, जिसकी अध्यक्षता नैम्स के अध्यक्ष प्रो. एस. चूड़ामणि गोपाल और एम्स, नई दिल्ली के प्रो. एस. सिन्हा ने की थी। दूसरा सत्र "अपूर्ण आवश्यकताएं इसके पश्चात क्या?" था, जिसकी अध्यक्षता एम्स के संकायाध्यक्ष (शोध) प्रो. सी. सरकार ने की थी।

पहले सत्र में 2 प्रस्तुतियाँ थीं और दूसरे सत्र में 5 प्रस्तुतियाँ थीं। चर्चा बैठक बहुत अच्छी रही और इसमें बहुत उत्साह था और भविष्य में कुछ केंद्रित विषयों पर इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित करने के सुझाव थे। इसके अतिरिक्त इस एक दिवसीय आयोजन के विचार-विमर्श पर एक श्वेत पत्र तैयार होने की प्रक्रिया में है और एक बार अंतिम रूप देने के बाद उसे विभिन्न सरकारी अभिकरणों को उनके अवलोकन और कार्रवाई के लिए भेजा जाएगा।

क्रमांक	विषय	दिनांक	व्यय की गई राशि
1.	पेशीकंकालीय हस्तक्षेप पर डॉ. दीप नारायण श्रीवास्तव द्वारा आयोजित अन्तःक्षेपी विकिरण विज्ञान सीएमई और कार्यशाला	20 मई, 2018	रु.1,35,066/-
2.	"भारत की स्वास्थ्य देखभाल की अपूर्ण आवश्यकताएं" पर इन्सा और नैम्स द्वारा आयोजित चर्चा बैठक डॉ. एन. आर. जगन्नाथन डॉ. दीप नारायण श्रीवास्तव	30 मार्च, 2019	रु.94,704/-

एनएएमएस अध्याय

उत्तरी क्षेत्र#		ǂ
जम्मू और कश्मीर#	डॉ. आर. मदान पूर्व सदस्य, लोक सेवा आयोग जम्मू एवं कश्मीर सरकार#	निदेशक, मदान अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र,# 37#ए/सी, गांधी नगर,# जम्मू 0 180004 #
चंडीगढ़	डॉ. योगेश चावला	निदेशक, पीजीआईएमईआर
हिमाचल प्रदेश	निदेशक, पीजीआईएमईआर, आचार्य एवं विभागाध्यक्ष, हेप्टोलोजी विभाग, पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़0160012#	आचार्य एवं विभागाध्यक्ष, हेप्टोलोजी विभाग, स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा अनुसंधान संस्थान, चंडीगढ़ - 160012
ǂ	ǂ	ǂ
दिल्ली	डॉ. जे. एन. पांडे# पूर्व आचार्य एवं विभागाध्यक्ष,# काय चिकित्सा विभाग,# अ.भा.आयुर्विज्ञान संस्थान,# नई दिल्ली 0 110029#	वरिष्ठ परामर्शदाता (कायचिकित्सा„# सीताराम भारतीया विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान, बी016, महरौली संस्थागत क्षेत्र,# नई दिल्ली 0 110016 #
हरियाणा	एयर मार्शल डॉ. एम. एस. बोपाराय पूर्व निदेशक, एएफएमसी, पुणे, और पूर्व महानिदेशक, सशस्त्र सेना चिकित्सा सेवा, नई दिल्ली #	915, डिफेंस कालोनी,# सेक्टर 0 17बी,# गुड़गांव 0#122001#
पंजाब	डॉ. एच. एस. संधू पूर्व प्रधानाचार्य, मेडिकल कालेज, अमृतसर#	मकान सं. 883, सर्कुलर रोड,# नर्स होस्टल के सामने# अमृतसर 0#143001 #

उत्तर प्रदेश#	डॉ. (श्रीमती) पी. के. मिश्रा, पूर्व प्रधानाचार्या एवं संकायाध्यक्ष, काय चिकित्सा संकाय एवं आचार्य एवं विभागाध्यक्ष बाल रोग विज्ञान विभाग किंग जॉर्ज मेडिकल कॉलेज लखनऊ-226003, उत्तर प्रदेश। #	122, फैजाबाद रोड, इंदिरा पुल के पास, लखनऊ - 226007, उत्तर प्रदेश। #
मध्य क्षेत्र#		
राजस्थान	डॉ. संजीव मिश्रा# निदेशक,# अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, जोधपुर#	निदेशक,# अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान जोधपुर। #
मध्य प्रदेश#	डॉ. जी. पी. पाल आचार्य एवं विभागाध्यक्ष शरीर रचना विभाग# माडर्न दंत कॉलेज एवं# अनुसंधान केंद्र, गांधी नगर,# हवाई अड्डा मार्ग, # इंदौर - 453112#	74, पद्मावती कॉलोनी,# सैंट पॉल विद्यालय के पीछे,# इंदौर - 452001 (मध्य प्रदेश)।#
पश्चिम क्षेत्र#		
महाराष्ट्र	डॉ. एस. एस. देशमुख पूर्व कुलपति, बंबई विश्वविद्यालय, मुम्बई#	समर्थ कृपा,# राम मंदिर मार्ग, विलेपार्ले (ईस्ट„# मुम्बई 0 400057 #
गुजरात	डॉ. हरिभाई एल. पटेल#	50/322, सरस्वती नगर, वस्त्रपुर, अहमदाबाद - 380015
दक्षिण क्षेत्र#		
तमिलनाडु	डॉ. मोहन कामेस्वरन निदेशक, मद्रास ईएनटी अनुसंधान प्रतिष्ठान, चेन्नई	मद्रास ईएनटी अनुसंधान प्रतिष्ठान, 1 क्रॉस स्ट्रीट,# ऑफ मुख्य मार्ग, राजा अन्नामलाईपुरम#

	ǂ	चेन्नई 0 600028
केरल	डॉ. वी. मोहन कुमार	8-ए, हीरा गेट अपार्टमेंट डीपीआई जंक्शन, जगथी# तिरुवनंतपुरम 0 695014
	#	#
आंध्र प्रदेश	डॉ. अल्लादि मोहन अध्यक्ष, पल्मोनरी क्रिटिकल केयर एवं निद्रा मेडिसिन प्रभाग, आचार्य एवं विभागाध्यक्ष, काय चिकित्सा विभाग, श्री वेंकेटेश्वर आयुर्विज्ञान संस्थान, तिरुपति - 517507।	19-12-501 (ऊपर) बैरागीपट्टेड़ा तिरुपति - 517501।
कर्नाटक	डॉ. अनुरा विश्वनाथ कुरपद# संकायाध्यक्ष, सेंट जॉन अनुसंधान संस्थान सेंट जॉन राष्ट्रीय चिकित्सा विज्ञान अकादमी, बंगलौर #	सेंट जॉन अनुसंधान संस्थान सेंट जॉन राष्ट्रीय चिकित्सा विज्ञान अकादमी, बीडीए कॉम्पलैक्स कोरामंगला, बंगलौर560034# ǂ
पूर्व क्षेत्र#		
पश्चिम बंगाल#	डॉ. डी. बक्सी पूर्व आचार्य एवं विभागाध्यक्ष, अस्थिरोगविज्ञान विभाग, मेडिकल कालेज एवं अस्पताल, कोलकाता	डीए63, सेक्टर01,# साल्ट लेक सिटी,# कोलकाता 0 700064#
उड़ीसा	डॉ. सुरेश्वर मोहंती तंत्रिकाशल्यचिकित्सा आचार्य एवं प्रधानाचार्य, आयुर्विज्ञान संस्थान, सेक्टर-8#कलिंग नगर, भुवनेश्वर #	206#डुप्लेक्स, मनोरमा एस्टेट,# रसूलगढ़, भुवनेश्वर 0 751010#

बिहार	नए संयोजक को नामित किया जाना है।#	ǂ
झारखंड	डॉ. सुरेश्वर पांडे#	आरजेएसआईओआर, रामेश्वरम, बरियातु रोड, रांची 0 834009, झारखंड #
असम	डॉ. देबी चरण चौधरी#	बेजबरुआ रोड,# सिलपुखेरी, गुवाहाटी 0 781003 #
मेघालय	डॉ. डी. एम. थापा	निदेशक
अरूणाचल प्रदेश	निदेशक इंदिरा गाँधी क्षेत्रीय आयुर्विज्ञान संस्थान, शिलांग, मेघालय	इंदिरा गाँधी आंचलिक स्वास्थ्य एवं आयुर्विज्ञान संस्थान, शिलांग, मेघालय

एनएएमएस के प्रतिष्ठित आचार्य

नैम्स के प्रतिष्ठित आचार्यों द्वारा 2018-19 में दिए गए व्याख्यान/ सारांश की रिपोर्ट

1. **डॉ. टी. डी. चुग, प्रतिष्ठित आचार्य, नैम्स द्वारा दिए गए व्याख्यानों का सारांश।**

क) 13 नवंबर, 2018 को वर्धमान महावीर मेडिकल कॉलेज और सफदरजंग अस्पताल, नई दिल्ली में आयोजित नैदानिक अभ्यास के साथ नैदानिक सूक्ष्म जीव विज्ञान का अनुकूलन

हम साक्ष्य आधारित चिकित्सा के युग में हैं और व्यक्तिगत / जीनोमिक चिकित्सा की ओर बढ़ रहे हैं। संक्रमणीय रोगों के प्रबंधन में प्रयोगशाला सेवाएं प्रमुख भूमिका निभाती हैं। प्रयोगशाला रिपोर्ट सटीक, पर्याप्त, प्रासंगिक और समय पर (प्रतिवर्तन काल और देखभाल बिंदु परीक्षण) होनी चाहिए। गुणवत्ता नियंत्रण अनिवार्य होना चाहिए। आंतरिक, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय गुणवत्ता नियंत्रण के आधार पर प्रयोगशाला त्रुटियों का संस्थागत डेटा प्रत्यायन का आधार होना चाहिए। इसके अतिरिक्त, हमें भारतीय डेटा और नैदानिक विशेषज्ञता के आधार पर राष्ट्रीय उपचार दिशानिर्देश विकसित करने की आवश्यकता है।

दूसरा भाग चिकित्सा और प्रयोगशाला चिकित्सकों और फार्मासिस्टों के साथ 5 नैदानिक मामलों की इंटरएक्टिव चर्चा थी। सत्र 2 ½ घंटे तक चला।

ख) 1-2 फरवरी, 2019 को एम्स, जोधपुर में आयोजित रोगाणुरोधी प्रतिरोध का वैश्विक अवलोकन

पिछले 16 वर्षों (2000-2015) के दौरान 76 देशों में प्रतिजैविक की खपत में 39% की वृद्धि हुई, जबकि भारत में 103% की वृद्धि हुई, जो दुनिया में सबसे अधिक है। भारत में एमडीआर और एक्सडीआर जीवाणु संक्रमण के कारण मृत्यु दर संवेदनशील जीवाणु संक्रमण की तुलना में क्रमशः 1.57 और 2.65 गुना अधिक है। रोगाणुओं की चतुर विकास प्रक्रिया, संक्रामक रोगों के महामारी विज्ञान के ज्ञान की कमी, घटिया नैदानिक सुविधाओं और निम्न और मध्य (एलएमआईसी) में रोगाणुरोधी के अनुचित / अति प्रयोग / दुरुपयोग ने रोगाणुरोधी प्रतिरोध की वर्तमान स्थिति को जन्म दिया है। हमें नई रणनीति का उपयोग करने की आवश्यकता है: गुणवत्ता सूक्ष्म जीव विज्ञान सेवाएं, पीके, पीडी

और भेषज सह सतर्कता का ज्ञान, रोगाणुरोधी प्रबंधन कार्यक्रम, संक्रमण नियंत्रण प्रथाएं, सार्वजनिक स्वास्थ्य उपायों में सुधार और स्वास्थ्य संबंधी व्यक्ति का व्यवहार परिवर्तन करने के लिए निरंतर प्रयास, और प्रतिजैविक दवाओं के अमानवीय उपयोग पर नियंत्रण।

2. **डॉ. जे. एन. पांडे, प्रतिष्ठित आचार्य, नैम्स द्वारा दिए गए व्याख्यानों का सारांश।**

क) 23 अगस्त, 2018 को सीताराम भारतिया विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली द्वारा आयोजित भारत में रोग मृत्यु दर और जोखिम कारकों का बोझ पर सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम

महत्वपूर्ण जोखिम कारकों के अनुसार भारत में बीमारी का बोझ अंतरराष्ट्रीय सहयोगियों के सहयोग से डंडोना द्वारा किया गया एक महत्वपूर्ण अध्ययन है। अध्ययन के प्रमुख निष्कर्षों को चिकित्सकों और आम जनता के साथ-साथ नीति निर्माताओं के साथ भी उजागर करने की आवश्यकता है। जीर्ण हृदय रोगों के अधिकांश जोखिम कारक अच्छी तरह से ज्ञात हैं, लेकिन भारतीय संदर्भ में इन पर अधिक बल नहीं दिया जा सकता है।

तीव्र हृद्पेशीय संक्रमण के लिए महत्वपूर्ण जोखिम कारकों में शामिल हैं: बुरी तरह से नियंत्रित मधुमेह मेलेटस, उच्च रक्तचाप, उच्च कोलेस्ट्रॉल, शारीरिक गतिविधि की कमी और महत्व के उपरोक्त क्रम में धूम्रपान।

स्ट्रोक के लिए महत्वपूर्ण जोखिम कारकों में बुरी तरह से नियंत्रित मधुमेह, उच्च रक्तचाप, आलिंद तंतु विकंपन, उच्च कोलेस्ट्रॉल और मोटापा शामिल हैं, जो महत्व के उपरोक्त क्रम में हैं। मधुमेह मेलिटस, उच्च रक्तचाप, मोटापा, शारीरिक निष्क्रियता और डिसिप्लिडिमिया की आवश्यकताएं गहन रूप में संबंधित हैं।

स्वस्थ जीवन-शैली को अपनाना एक लागत रहित हस्तक्षेप है जिसे लोकप्रिय बनाने की आवश्यकता है।

(ख) 29 दिसम्बर, 2018 को सीताराम भारतिया विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली द्वारा आयोजित हाइपोनेट्रेमिया का निदान एवं प्रबंधन

सोडियम (नमक) जीवन के निर्वाह के लिए महत्वपूर्ण है। इसने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में महात्मा गांधी के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। नमक की दैनिक खपत को 6-12 ग्राम / दिन से कम करने 3 ग्राम / दिन तक करने के लिए वैश्विक प्रयास किए जा रहे हैं। सबसे सस्ता भोजन परिरक्षक होने के नाते, यह एक आसान काम नहीं है। नमक की उच्च खपत उच्च रक्तचाप, हृदय रोग और मृत्यु के जोखिम को बढ़ाने से संबंधित है। 130 से 140 मिमोल / लीटर तक सीरम सोडियम में वृद्धि से प्रकुंचन रक्तचाप में 5.5 मिमी एचजी (95% आत्मविश्वास अंतराल 2.4 - 8.6 मिमी एचजी) की वृद्धि हो जाती है। अनुशिथिलन दबाव में तदनुरूप वृद्धि कम थी (3.1, 95% आत्मविश्वास अंतराल 1.3 - 5.0 मिमी एचजी) । (पांडे जे. एन। राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी के वर्ष वृतांत) इसलिए यह विरोधाभासी है कि बड़ी संख्या में रोगियों, विशेषकर बुजुर्गों को जीवन को जोखिम में डालने वाली जटिलताओं का गंभीर खतरा है।

हाइपोनेट्रेमिया, जिसे 136 मिमील / लीटर से नीचे सीरम सोडियम में कमी के रूप में परिभाषित किया गया है, अंतः रोगियों और बहिरंग रोगियों दोनों में एक सामान्यतया पाया जाता है और सामान्य अस्पताल की आबादी के 15% तक में पाया जा सकता है। तीव्र हाइपोनेट्रेमिया (अवधि <48 घंटे) और इसका प्रबंधन अस्पताल में रोगियों के बीच रुग्णता और मृत्यु दर का प्रमुख कारण हो सकता है।

जीर्ण हाइपोनेट्रेमिया (अवधि> 48 घंटे), आमतौर पर वृद्ध (65 वर्ष या उससे अधिक आयु) के बहिरंग रोगियों के बीच देखा जाता है, यह रुग्णता में भी योगदान देता है क्योंकि यह अक्सर पहचाना नहीं जा सकता। इसका तेजी से सुधार करने की सलाह नहीं दी जाती है। सूडोहाइपोनेट्रेमिया: चिह्नित हाइपरलिपिडिमिया या प्लाज्मा प्रोटीन में वृद्धि के कारण; सीधे मापा गया प्लाज्मा परासरणीयता सामान्य आइसोटोनिक या हाइपरटोनिक हाइपोनेट्रेमिया है: हाइपरग्लाइसेमिया और अमापित विलेय जैसे, मैनिटॉल, रेडियोग्राफिक कंट्रास्ट, ग्लाइसिन के कारण। हाइपरग्लेसेमिया के लिए सुधार कारक का उपयोग करें या सीधे परासरणीयता को मापें।

आमतौर पर, तीव्र हाइपोनेट्रेमिया वाले रोगियों में जीर्ण हाइपोनेट्रेमिया के रोगियों की तुलना में सीरम सोडियम सांद्रता में सुधार अधिक तीव्र दर से होना चाहिए क्योंकि आमतौर पर सीरम सोडियम कम अवधि में तेजी से कम होने पर लक्षण अधिक गंभीर होते हैं। जीर्ण हाइपोनेट्रेमिया की धीरे-धीरे मस्तिष्क में क्षतिपूर्ति की जाती है क्योंकि इसमें यदि हो तो धीमी गति से सुधार की आवश्यकता होती है। हाइपोवॉलेमिक हाइपोनेट्रेमिया अधिक मात्रा में संकुचन के मामलों में होता है, जैसे कि उल्टी और दस्त, अत्यधिक पसीना और मूत्रवर्धक के उपयोग के साथ देखा जाता है। एक रोगी फ्रेंक अल्प रक्तदाब या स्थितिज अल्प रक्तदाब या हृद्क्षिप्रता के साथ उपस्थित हो सकता है। इस स्थिति में, दोनों मूत्रवर्धक रोधी हार्मोन (ADH) (पानी के लिए गुर्दे की पारगम्यता कम हो जाती है) और रेनिन (गुर्दे की सोडियम प्रतिधारण क्षमता बढ़ जाती है) का स्त्राव होता है। संदिग्ध हाइपोवोलेमिक हाइपोनेट्रेमिया की पुष्टि 20 मिमी / लिटर से कम की मूत्र सोडियम सांद्रता, मूत्र परासरणीयता 500 एमओएसएम / किग्रा पानी से अधिक होने पर और आमतौर पर मूत्र की कम मात्रा से हो सकती है। हालांकि, चिकित्सकों को यह ज्ञात होना चाहिए कि मूत्रवर्धक उपयोग वाले रोगियों में हाइपोवॉलेमिक होने के बावजूद मूत्र का सोडियम स्तर कम होना आवश्यक नहीं है। गंभीर हाइपोनेट्रेमिया वाले मरीजों को उनके निदान और प्रबंधन में दक्ष एक विशेषज्ञ के पास भेजा जाना चाहिए।

ग) 29 दिसम्बर, 2018 को सीताराम भारतिया विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली द्वारा आयोजित सारकॉइडोसिस (मांसार्बुदाभ) का निदान एवं प्रबंधन

सारकॉइडोसिस व्यापक रूप से दानेदार सूजन के साथ संबंधित अनिश्चित हेतुविज्ञान का एक प्रणालीगत प्रदाहक विकार है जो शरीर के लगभग किसी भी अंग को प्रभावित कर सकता है, जिसमें अधिकांश रोगियों में फेफड़े और मध्यस्थनिकीय लसीकापर्व अधिक प्रभावित होते हैं। सारकॉइडोसिस भौगोलिक स्थिति, नस्ल, लिंग, सामाजिक-आर्थिक स्थिति और आयु के अनुसार विविधताओं के साथ विश्वव्यापी होता है। त्वचा या कुछ विशिष्ट अंगों को प्रभावित करने वाले कुछ प्रकार के सारकॉइडोसिस, भौगोलिक भिन्नता भी दिखा सकते हैं। इसके अलावा, रोग की गंभीरता और इसकी प्रगति, उपचार का परिणाम, प्रमुख अंग

शिथिलता और मृत्यु दर भी नस्ल, जातीयता, स्वास्थ्य आकांक्षी व्यवहार और देखभाल तक पहुंच के आधार पर भिन्न हो सकते हैं। सारकॉइडोसिस के मामले प्रति वर्ष 11.5 प्रति 100,000 और 0.16% की व्यापकता रिपोर्ट की गई है। उत्तरी यूरोपीय और अफ्रीकी अमेरिकियों में आमतौर पर सारकॉइडोसिस का सबसे अधिक प्रसार माना जाता है। हाल के अध्ययनों में महिलाओं और पुरुषों के बीच रोग के लगभग समान मामले सामने आए हैं जबकि अतीत में कई रिपोर्टें महिलाओं में इसकी प्रचुरता दर्शाती हैं। सारकॉइडोसिस को एक समय में दक्षिण-पूर्व एशिया और मध्य पूर्व में दुर्लभ माना जाता था और अब इन क्षेत्रों और विश्व के अन्य भागों में तेजी से पहचाना जा रहा है। क्षेत्र में गहन अनुसंधान के बावजूद सारकॉइडोसिस का हेतुविज्ञान अभी तक एक रहस्य बना हुआ है। सारकॉइडोसिस कई अलग अलग प्ररूपी प्रस्तुतियों, महामारी विज्ञान लक्षणों, और रोग के परिवर्तनशील रूप और रोग का निदान के साथ एक विषम विकार है। यह आम तौर पर स्वीकार किया जाता है कि यह विविधता आनुवंशिक कारकों, पर्यावरणीय कारकों, महामारी विज्ञान चरों से संबंधित है, जिसमें आयु, लिंग और नस्ल, और उनके बीच की अंतःक्रिया सम्मिलित है।

यह माना जाता है कि आनुवंशिक कारकों और पर्यावरण, व्यावसायिक और अर्ध-व्यावसायिक वातावरण के बीच परस्पर क्रिया से सारकॉइडोसिस का विकास हो सकता है। इस संबंध में, कई अध्ययनों से पता चला है कि कुछ धातुएं सारकॉइड जैसी दानेदार सूजन का कारण बन सकती हैं, सबसे सटीक उदाहरण बेरिलियम के संपर्क में आना है, परंतु टाइटेनियम, निकल, क्रोमियम, कोबाल्ट, सिलिकॉन, पृथ्वी तत्व और एल्यूमीनियम सहित अन्य पर्यावरण प्रदूषकों की भी भूमिका हो सकती है। सारकॉइडोसिस और तपेदिक की नैदानिक प्रस्तुति में कई समानताएं हैं जो कई बार मध्यस्थनिकीय लसीकापर्व विकृति के रूप में उपस्थित होती हैं। वास्तव में, तपेदिक और सारकॉइडोसिस के बीच का अंतर तपेदिक के उच्च बोझ वाले देशों में चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

यह संभावना है कि स्थाई प्रतिजन (प्रतिजनों) जैसे कि माइकोबैक्टीरियल या अन्य रोगाणुरोधी उत्पाद के साथ संयोजन के रूप में कुछ पर्यावरणीय प्रदूषकों के साथ सहयोग करते हुए आनुवंशिक रूप से पूर्वनिर्धारित व्यक्तियों में एक प्रतिरक्षा

प्रतिक्रिया को बढ़ाते हैं, जो कि परिवर्तनशील प्ररूपी प्रस्तुतियों के साथ व्यापक दानेदार सूजन द्वारा पहचानी जाती है।

एनएएमएस वेबसाइट और एनकेएन कनेक्टिविटी

राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान अकादमी (भारत)#और इसकी गतिविधियों के बारे में सभी जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध है। इसमें नियम और विनियम, परिषद् के सदस्य, अध्येता और सदस्य, वार्षिक रिपोर्ट, लेखापरीक्षित लेखा विवरण, कर्मचारी डाटा, अधिगम संसाधन सामग्री, वर्ष वृत्तांत, सीएमई मोनोग्राफ, सीएमई हेतु दिशानिर्देश शामिल हैं। इस पर विगत वर्षों के दीक्षांत समारोह, अभिभाषण और वार्षिक रिपोर्ट भी पढ़ी और डाउनलोड की जा सकती हैं। इस पर आगामी अकादमिक गतिविधियों का ब्यौरा जैसे कि सीएमई कार्यक्रम और कौशल विकास कार्यक्रम आदि भी दर्शाए गए हैं।

डिजिटल सुविधाएं प्राप्त करने के लिए, नैम्स ने अपनी वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान प्रणाली शुरू की थी और वर्ष वृत्तांत के लेखों को ऑनलाइन जमा करना भी शुरू किया था। नैम्स ने नैम्स यूट्यूब चैनल (राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान अकादमी भारत) भी शुरू किया है जो हमारे द्वारा आयोजित सीएमई के व्यापक परिसंचरण के लिए निःशुल्क है। एनकेएन कनेक्टिविटी की सहायता से, हम एम्स, जोधपुर, ऋषिकेश, भोपाल, पटना, भुवनेश्वर इत्यादि जैसे अन्य शैक्षिक संस्थानों से जुड़ते हैं ताकि हमारे शिक्षण कार्यक्रमों में प्रारंभिक उपस्थिति बढ़ाई जा सके। यह न केवल हमारी सरकार के लक्ष्यों का विस्तार करता है अपितु वित्तीय व्यय को भी कम करता है।

27 नवंबर 2018 को आयोजित "एसडीजी पोषण लक्ष्यों के साथ भारत की कोशिश" पर सीएमई कार्यक्रम उत्तर-पूर्व क्षेत्र के लिए पहला टेली-सीएमई था जिसे उत्तर पूर्वी इंदिरा गाँधी स्वास्थ्य एवं आयुर्विज्ञान आंचलिक संस्थान, शिलांग, के दर्शकों के लिए एनकेएन कनेक्टिविटी के माध्यम से कार्यक्रम को प्रसारित किया गया था। । दो राष्ट्रीय संस्थान, एम्स-जोधपुर और उत्तर पूर्वी इंदिरा गाँधी स्वास्थ्य एवं आयुर्विज्ञान आंचलिक संस्थान, शिलांग, मेघालय, कार्यक्रम के दौरान जुड़े हुए थे।

वित्तीय रिपोर्ट

NATIONAL ACADEMY OF MEDICAL SCIENCES (INDIA)

सरकारी अनुदान

योजना

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा अकादमी को सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमई)# कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए 'योजना' के तहत स्वीकृत/ दिए गए सहायता अनुदान की स्थिति और उसके विरुद्ध गत 3#वर्षों (2016-17 से 2018-19) के दौरान किया गया व्यय निम्नानुसार हैः

(लाख रुपए में)

वर्ष	स्वीकृत अनुदान	प्राप्त अनुदान#	व्यय (खरीदी गई परिसंपत्तियों सहित,#
2016-17#	110.00	83.97	101.88
2017-18#	180.00	170.00	160.22
2018-19#	180.00	180.00	155.69

'योजना' के अंतर्गत वर्ष 2016-17 के दौरान व्यय का आधिक्य पूर्व वर्षों में व्यय नहीं किए गए अनुदान से पूरा किया गया था।

गैर-योजना

मंत्रालय द्वारा स्वीकृत/ दिए गए सहायता अनुदान की स्थिति और 'गैर-योजना' के तहत गत वर्ष (2016-17) के दौरान किया गया व्यय निम्नानुसार हैः

(लाख रुपए में)

वर्ष	स्वीकृत अनुदान	प्राप्त अनुदान#	व्यय	अभ्युक्तियां
2016-17#	55.00	55.00	66.54#	व्यय का आधिक्य अकादमी द्वारा सृजित राजस्व से पूरा किया गया है। #

(वर्ष 2017-18 से मंत्रालय ने सहायता अनुदान योजना और गैर-योजना व्यवस्था में न करके नैम्स के नाम पर प्रदान किया)।

वित्त

वर्ष 2018-19#के दौरान अध्येताओं और सदस्यों से आजीवन सदस्यता शुल्क के रूप में 48,58,000/-#रूपए की राशि प्राप्त हुई। इसके अतिरिक्त 55.51 लाख रुपए की राशि सावधि जमा पर ब्याज के द्वारा प्राप्त हुई।

लेखा

वर्ष 2018-19 के लिए लेखे की लेखापरीक्षा चार्टर्ड लेखाकार द्वारा पूरी कर ली गई है। परिषद ने 11 सितम्बर, 2019 को आयोजित अपनी बैठक में लेखा विवरण भी अनुमोदित किया है। अब इनको आम सभा द्वारा अपनाए जाने के लिए सिफारिश की जाती है।

लेखा

NATIONAL ACADEMY OF MEDICAL SCIENCES (INDIA)

लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट

राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान अकादमी (भारत)

अंसारी नगर, रिंग रोड, नई दिल्ली।

वित्तीय विवरणों पर रिपोर्ट

हमने राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान अकादमी (भारत) ("अकादमी") के संलग्न वित्तीय विवरण की लेखा परीक्षा की है जिसमें 31 मार्च, 2019 की यथास्थिति तुलन-पत्र और समाप्त वर्ष के लिए आय और व्यय लेखा, तथा महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों और अन्य स्पष्टीकारक जानकारी का सारांश शामिल है।

वित्तीय विवरणों के लिए प्रबंधन की जिम्मेदारी

प्रबंधन इन वित्तीय विवरणों की तैयारी के लिए उत्तरदायी है जो, अकादमी के धर्मार्थ संस्था होने के कारण उस पर लागू, भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी किए गए लेखांकन मानकों के अनुसार अकादमी की वित्तीय स्थिति, वित्तीय निष्पादन का सही और निष्पक्ष रूप प्रस्तुत करें। इस उत्तरदायित्व में वित्तीय विवरणों की तैयारी और प्रस्तुति के लिए प्रासंगिक आंतरिक नियंत्रण की रूपरेखा, कार्यान्वयन और अनुरक्षण निहित है जो एक सच्चा और निष्पक्ष विचार दे और धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण सामग्री के ग़लत बयान से मुक्त हो।

लेखा परीक्षकों की जिम्मेदारी

हमारा उत्तरदायित्व अपनी लेखापरीक्षा के आधार पर इन वित्तीय विवरणों पर राय व्यक्त करना है। हमने भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी लेखापरीक्षा मानकों के अनुसार अपनी लेखापरीक्षा की है। वे मानक अपेक्षा करते हैं कि हम नैतिक आवश्यकताओं का अनुपालन करें और इस बारे में, कि क्या वित्तीय विवरण गलत विवरण से मुक्त हैं, उचित आश्वासन प्राप्त करने के लिए लेखापरीक्षा की योजना बनाएँ और निष्पादित करें।

लेखापरीक्षा में वित्तीय विवरणों में राशियों और प्रकटनों का समर्थन करने वाले लेखा परीक्षा साक्ष्य प्राप्त के लिए प्रक्रियाएँ शामिल होती है। चुनी गई प्रक्रियाएँ लेखा परीक्षकों के निर्णय, जिसमें धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण वित्तीय विवरणों के गलत विवरण के जोखिम का आकलन निहित है, पर निर्भर करती हैं । इस जोखिम का आकलन करते हुए लेखा परीक्षक अकादमी द्वारा

वित्तीय विवरणों की तैयारी और सही प्रस्तुति के लिए प्रासंगिक आंतरिक नियंत्रण को ध्यान में रखते हुए परिस्थितयों के अनुसार उपयुक्त लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं की रूपरेखा बनाता है। लेखापरीक्षा में प्रयुक्त लेखाकरण सिद्धांतों की उपयुक्तता का आकलन और प्रबंधन द्वारा बनाए गए महत्वपूर्ण लेखा अनुमानों का औचित्य तथा साथ ही समग्र वित्तीय विवरण के प्रस्तुतीकरण का मूल्यांकन भी शामिल होता है। हमें विश्वास है कि हमारे द्वारा प्राप्त लेखा परीक्षा साक्ष्य पर्याप्त हैं और हमारी लेखापरीक्षा राय के लिए उचित आधार प्रदान करते हैं।

राय

हमारी राय में और हमारी सर्वोत्तम जानकारी तथा हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार, वित्तीय विवरण भारत में साधारणतया स्वीकृत लेखाकरण सिद्धांतों के अनुरूप सही और उचित दृश्य प्रस्तुत करते हैं:

i. तुलन-पत्र के मामले में अकादमी की 31 मार्च, 2019 की यथास्थिति कार्यकरण

ii. आय-व्यय लेखा के मामले में उस तिथि को समाप्त वर्ष के लिए व्यय की अपेक्षा आय का आधिक्य।

विषय का महत्व

अपनी राय को योग्य ठहराए बिना, हम निम्नलिखित की ओर ध्यान आकर्षित करते हैः

- अचल परिसंपत्तियों का वास्तविक सत्यापन और बहियों से उसका समंजन लंबित है।
- सावधि जमा राशि की परिपक्वता पर ब्याज जमाखाते हुआ।

कृते एचडीएसजी एंड एसोसिएट्स
चार्टर्ड लेखाकार
फर्म पंजीकरण सं. 002871एन

हस्ताक्षर
(बी. एल. खन्ना)
साझेदार

स्थानः नई दिल्ली
दिनांक: 11.09.2019

राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान अकादमी (भारत)

दिनांक 31#मार्च, 2019#को यथास्थिति तुलन-पत्र

(राशि रुपए)

संचित निधि/पूंजी निधि और देयताएं#	अनुसूची	चालू वर्ष#	पिछला वर्ष#
संचित/पूंजी निधि#	1	6,14,75,381.46	5,50,64,097.74
प्रारक्षित निधि और अधिशेष#	2	6,26,519.58	6,26,519.58
पूंजी परिसंपत्ति निधि#	3	1,60,09,911.58	1,79,33,074.97
निर्धारित/धर्मादा निधि (सरकारी,#	4	17,00,550.00	-8,57,832.00
निर्धारित/धर्मादा निधि (गैर सरकारी,#	5	76,16,370.48	78,35,535.48
चालू देयताएं और प्रावधान#	6	25,000.00	25,000.00
जोड़		**8,74,53,733.10**	**8,06,26,395.77**
परिसंपत्तियां			
अचल परिसंपत्तियां#	7	1,60,09,911.58	1,79,33,074.97
चालू परिसंपत्तियां, ऋण और अग्रिम#	8	7,14,43,821.52	6,26,93,320.80
जोड़		**8,74,53,733.10**	**8,06,26,395.77**

# # #

ह./0	ह./0	ह./0
(डॉ सरोज चूड़ामणि गोपाल,	(डॉ दीप एन. श्रीवास्तव,)	(डॉ मीरा रजानी,)
अध्यक्ष	**मानद सचिव)**	**कोषाध्यक्ष**

)

हमारी संलग्न समतारीख की रिपोर्ट के अनुसार
कृते एचडीएसजी एंड एसोसिएट्स
चार्टर्ड लेखाकार
फर्म पंजीकरण सं. 002871एन
सदस्यता सं. 11856)

स्थानः नई दिल्ली# #
दिनांक: 11.9.2019

राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान अकादमी (भारत)

दिनांक 31#मार्च, 2019#को समाप्त अवधि/वर्ष के लिए

आय और व्यय लेखा (समेकित)

(राशि रुपए)

आय	चालू वर्ष#	पिछला वर्ष#
अनुसंधान कार्य#		
अनुदान	1,80,00,000.00	1,70,00,000.00
अर्जित ब्याज	1,27,110.00	82,720.00
अकादमी		
अनुपस्थिति में स्क्रॉल से आय	5,02,900.00	2,78,867.00
अनुदान	-	-
शुल्क/ अभिदान	8,20,000.00	8,07,000.00
अर्जित ब्याज¦	36,24,823.91	34,10,577.81
अन्य आय¦	100.31	53,292.00
जोड़ (क),#	**2,30,74,934.22**	**2,16,32,456.81**
व्यय		
अनुसंधान कार्य		
स्थापना व्यय¦	94,34,270.00	79,01,913.00
अन्य प्रशासनिक व्यय आदि	36,60,171.00	34,83,474.00
अनुदानों, अनुसंधान, सीएमई पर व्यय¦	20,16,908.00	33,64,688.00
नैम्स अनुसंधान केंद्र- जोधपुर के व्यय	3,16,042.00	6,92,598.00
पूंजीगत व्यय	1,41,337.00	5,79,211.00
अकादमी		
स्थापना व्यय¦	12,21,221.50	6,91,969.00
गैर-योजना पर अन्य प्रशासनिक व्यय आदि	21,73,319.00	18,35,519.71
जोड़ (ख),¦	**1,89,63,268.50**	**1,85,49,372.71**
कुल जोड़ (क - ख)#	**41,11,665.72**	**30,83,084.10**

ह./0
(डॉ सरोज चूड़ामणि गोपाल),¦
अध्यक्ष

ह./0
(डॉ दीप एन. श्रीवास्तव),¦
मानद सचिव¦

ह./0
(डॉ मीरा रजानी),¦
कोषाध्यक्ष

¦
हमारी संलग्न समतारीख की रिपोर्ट के अनुसार
कृते एचडीएसजी एंड एसोसिएट्स
चार्टर्ड लेखाकार
फर्म पंजीकरण सं. 002871एन
सदस्यता सं. 11856¦

स्थानः नई दिल्ली#
दिनांकः 11.9.2019

राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान अकादमी (भारत)

दिनांक 31#मार्च, 2019#को समाप्त अवधि/वर्ष के लिए

अनुसंधान कार्य के लिए आय और व्यय लेखा

(राशि रुपए)

आय	अनुसूची	चालू वर्ष#	पिछला वर्ष#
बिक्री/सेवाओं से आय¦			
अनुदान	3	1,80,00,000.00	1,70,00,000.00
		-	-
अर्जित ब्याज¦	3	1,27,110.00	82,720.00
¦		-	-
जोड़ (क,#		**1,81,27,110.00**	**1,70,82,720.00**
व्यय			
स्थापना व्यय¦	3	94,34,270.00	79,01,913.00
अनुसंधान प्रकोष्ठ के अन्य प्रशासनिक व्यय आदि	3	36,60,171.00	34,83,474.00
अनुदानों, अनुसंधान, सीएमई पर व्यय¦	3	20,16,908.00	33,64,688.00
नैम्स अनुसंधान केंद्र- जोधपुर के व्यय	3	3,16,042.00	6,92,598.00
पूंजीगत व्यय	3	1,41,337.00	5,79,211.00
जोड़ (ख,#		**1,55,68,728.00**	**1,60,21,884.00**
व्यय की तुलना में आय के आधिक्य का शेष (क -#ख,¦		25,58,382.00	(10,60,836.00)
¦		-	-
¦		-	-
अनुसंधान गतिविधियों के लिए अनुसूची 4 के अनुसार ब्यौरा #		**25,58,382.00**	**(10,60,836.00)**
#			

ह./0	ह./0	ह./0
(डॉ सरोज चूड़ामणि गोपाल,¦	(डॉ दीप एन. श्रीवास्तव,¦	(डॉ मीरा रजानी,¦
अध्यक्ष	**मानद सचिव¦**	**कोषाध्यक्ष**
		¦

हमारी संलग्न समतारीख की रिपोर्ट के अनुसार
कृते एचडीएसजी एंड एसोसिएट्स
चार्टर्ड लेखाकार
फर्म पंजीकरण सं. 002871एन
सदस्यता सं. 11856¦

स्थानः नई दिल्ली# #
दिनांकः 11.9.2019

राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान अकादमी (भारत)

दिनांक 31#मार्च, 2019#को समाप्त अवधि/वर्ष के लिए

अकादमी के लिए आय और व्यय लेखा

(राशि रुपए)

आय	अनुसूची	चालू वर्ष#	पिछला वर्ष#
अनुपस्थिति में स्क्रॉल से आय	7	5,02,900.00	2,78,867.00
		-	-
शुल्क/ अभिदान		8,20,000.00	8,07,000.00
अर्जित ब्याज#	8	36,24,823.91	34,10,577.81
अन्य आय#	9	100.31	53,292.00
जोड़ (क)#		**49,47,824.22**	**45,49,736.81**
व्यय			
स्थापना व्यय#	10	12,21,221.50	6,91,969.00
गैर-योजना पर अन्य प्रशासनिक व्यय आदि	11	21,73,319.00	18,35,519.71
अनुदानों, आर्थिक सहायता पर व्यय#		--	--
जोड़ (ख)#		**33,94,540.50**	**25,27,488.71**
व्यय की तुलना में आय के आधिक्य का शेष (क -#ख)#		15,53,283.72	20,22,248.10
विशेष प्रारक्षित निधि को अंतरण (प्रत्येक निर्दिष्ट करें)#		-	-
सामान्य प्रारक्षित निधि को/ से अंतरण#		-	-
अधिशेष/(कमी))#का शेष संचित/पूंजी निधि को अग्रेनीत#		**15,53,283.72**	**20,22,248.10**

#

ह./0
(डॉ सरोज चूड़ामणि गोपाल)#
अध्यक्ष

ह./0
(डॉ दीप एन. श्रीवास्तव)#
मानद सचिव#

ह./0
(डॉ मीरा रजानी)#
कोषाध्यक्ष
#

हमारी संलग्न समतारीख की रिपोर्ट के अनुसार
कृते एचडीएसजी एंड एसोसिएट्स
चार्टर्ड लेखाकार
फर्म पंजीकरण सं. 002871एन
सदस्यता सं. 11856#

#

स्थानः नई दिल्ली#
दिनांकः 11.9.2019

राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान अकादमी (भारत)

दिनांक 31#मार्च, 2019#की यथास्थिति तुलन-पत्र का भाग होने वाले अनुसूचियां

अनुसूची 1##संचित/ पूंजी निधि

(राशि रुपए)

	चालू वर्ष#		**पिछला वर्ष#**	
वर्ष के प्रारंभ में शेष#	5,50,64,097.74		4,81,76,849.64	
जोड़े: प्रवेश शुल्क#	48,58,000.00		48,65,000.00	
जोड़े संचित/पूंजी निधि को अंशदान#	--		--	
घटाएं# पूंजी परिसंपत्ति निधि को अंतरण #	--		--	
जोड़े/(घटाएं):#आय और व्यय का लेखा से अंतरित निवल आय/(व्यय)#का शेष#	15,53,283.72	6,14,75,381.46	20,22,248.10	5,50,64,097.74
वर्ष के अंत में शेष#		**6,14,75,381.46**		**5,50,64,097.74**

ह3/0
(डॉ सरोज चूड़ामणि गोपाल,
अध्यक्ष

ह3/0
(डॉ दीप एन. श्रीवास्तव,
मानद सचिव#

ह3/0
(डॉ मीरा रजानी,
कोषाध्यक्ष

हमारी संलग्न समतारीख की रिपोर्ट के अनुसार
कृते एचडीएसजी एंड एसोसिएट्स
चार्टर्ड लेखाकार
फर्म पंजीकरण सं. 002871एन
सदस्यता सं. 11856

स्थानः नई दिल्ली#
दिनांक: 11.9.2019

राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान अकादमी (भारत)

दिनांक 31#मार्च, 2019#की यथास्थिति तुलन पत्र का भाग होने वाली अनुसूचियां

अनुसूची 2#-#पूंजी परिसंपत्ति निधि

(राशि रुपए)

	चालू वर्ष#		**पिछला वर्ष#**	
निधि का अथशेष	1,79,33,074.97		1,96,00,329.25	
#		1,79,33,074.97		1,96,00,329.25
जोड़ें: सीएमई कार्यक्रम अनुदान के अधीन पूंजी परिसंपत्तियां#	1,41,337.00		5,79,211.00	
जोड़े: पूंजी परिसंपत्तियां अन्य अनुदान#		1,41,337.00		5,79,211.00
घटाएं:# रद्दी की गई/ चोरी हुई परिसंपत्तियां#	20,64,500.39	20,64,500.39	(22,46,465.28)	(22,46,465.28)
		1,60,09,911.58		**1,79,33,074.97**

ह3/0
(डॉ सरोज चूड़ामणि गोपाल,ƚ
अध्यक्ष

ह3/0
(डॉ दीप एन. श्रीवास्तव,ƚ
मानद सचिवƚ

ह3/0
(डॉ मीरा रजानी,ƚ
कोषाध्यक्ष
ƚ

हमारी संलग्न समतारीख की रिपोर्ट के अनुसार
कृते एचडीएसजी एंड एसोसिएट्स
चार्टर्ड लेखाकार
फर्म पंजीकरण सं. 002871एन
सदस्यता सं. 11856ƚ

ƚ

स्थानः नई दिल्ली#
दिनांकः 11.9.2019

#

राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान अकादमी (भारत)

दिनांक 31#मार्च, 2019#की यथास्थिति तुलन पत्र का भाग होने वाली अनुसूचियां

अनुसूची 3##निर्धारित/धर्मादा निधियां (सरकारी योजना निधि)

(सीएमई कार्यक्रम निधि)

(राशि रुपए,#

	चालू वर्ष#		**पिछला वर्ष#**	
(क,# निधियों का अथशेष#		(8,57,832.00)		(19,18,668.00)
(ख,# निधियों में वृद्धियां#				
i. दान/अनुदान(अनुबंधक,	1,80,00,000.00		1,70,00,000.00	
ii. निधि के कारण किए गए निवेश से आय#	1,27,110.00		82,720.00	
iii. अन्य वृद्धियां (प्रकृति निर्दिष्ट करें,#		1,81,27,110.00		1,70,82,720.00
घटाएं:#पूंजी परिसंपत्ति निधि को अंतरण (अनुसूची 17#की टिप्पणी सं. 9#का संदर्भ लें)ः				
जोड़ (क + ख,#		**1,72,69,278.00**		**1,51,64,052.00**

ह0/-	ह0/-	ह0/-
(डॉ सरोज चूड़ामणि गोपाल)	(डॉ दीप एन. श्रीवास्तव)	(डॉ मीरा रजानी)
अध्यक्ष	**मानद सचिव**	**कोषाध्यक्ष**

हमारी संलग्न समतारीख की रिपोर्ट के अनुसार
कृते एचडीएसजी एंड एसोसिएट्स
चार्टर्ड लेखाकार
फर्म पंजीकरण सं. 002871एन
सदस्यता सं. 11856

स्थानः नई दिल्ली
दिनांक: 11.9.2019

राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान अकादमी (भारत)

दिनांक 31 मार्च, 2019 की यथास्थिति तुलन पत्र का भाग होने वाली अनुसूचियां

अनुसूची 3 - निर्धारित/धर्मादा निधियां (सरकारी योजना निधि)

(सीएमई कार्यक्रम निधि) ज़ारी.......

(राशि रुपए)

	चालू वर्ष		पिछला वर्ष	
(ग,# उपयोगिता/निधियों के उद्देश्य के लिए व्यय#				
i.# **पूंजी व्यय#**				
- अचल परिसंपत्तियां#	1,41,337.00	1,41,337.00	5,79,211.00	5,79,211.00
- अन्य#				
ii.# **राजस्व व्यय#**				
- वेतन, मजदूरी और भत्ते आदि (अनुबंध ख,#	94,34,270.00		79,01,913.00	
- किराया#	-		-	
- सीएमई कार्यक्रम के लिए अनुदान निर्गमन(अनुबंध ग,#	20,16,908.00		33,64,688.00	
- अन्य प्रशासनिक व्यय (अनुबंध घ,#	36,60,171.00		34,83,474.00	
0###नैम्स अनुसंधान केंद्र- जोधपुर के व्यय	3,16,042.00	1,54,27,391.00	6,92,598.00	1,54,42,673.00
जोड़ (ग,#		**1,55,68,728.00**		**1,60,21,884.00**
वर्ष के अंत में निवल शेष	(क + ख + ग,	**(17,00,550.00)**		**(8,57,832.00)**

ह0/-	ह0/-	ह0/-
(डॉ सरोज चूड़ामणि गोपाल)	(डॉ दीप एन. श्रीवास्तव)	(डॉ मीरा रजानी)
अध्यक्ष	**मानद सचिव**	**कोषाध्यक्ष**

हमारी संलग्न समतारीख की रिपोर्ट के अनुसार

कृते एचडीएसजी एंड एसोसिएट्स

चार्टर्ड लेखाकार

फर्म पंजीकरण सं. 002871एन

सदस्यता सं. 11856

स्थानः नई दिल्ली

दिनांक: 11.9.2019

राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान अकादमी (भारत)

दिनांक 31#मार्च, 2019#की यथास्थिति तुलन पत्र का भाग होने वाली अनुसूचियां

अनुसूची 3 का अनुबंध -#क

(राशि रुपए)

	चालू वर्ष#	पिछला वर्ष#
दान/ अनुदान#		#
अनुदान - सामान्य#	75,00,000.00	65,00,000.00
अनुदान - वेतन#	1,00,00,000.00	1,00,00,000.00
अनुदान - पूंजी#	5,00,000.00	5,00,000.00
जोड़	**1,80,00,000.00**	**1,70,00,000.00**

ह3/0	ह3/0	ह3/0
(डॉ सरोज चूड़ामणि गोपाल,ł	(डॉ दीप एन. श्रीवास्तव,ł	(डॉ मीरा रजानी,ł
अध्यक्ष	**मानद सचिव**ł	**कोषाध्यक्ष**

ł

